स्मारिका
SOUVENIR

राष्ट्रीय संगोष्ठी

06-07 अक्टूबर, 2018

भारत में सामाजिक भेदभाव : स्वरूप, कारण एवं निवारण

(Social Discrimination in india : Nature, Causes and Prevention)

सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम् ।
देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते ।।

आइए हम सब लोग भावनात्मक रुप से साथ-साथ चलें, साथ-साथ बोलें, साथ-साथ मन को समझें !
जिस प्रकार हमारे पूर्व देवगण समवेत स्वर में परमात्मा की उपासना करते थे !!

ऋगवेद 10.191.4

आयोजक

शिक्षा विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

आयोजन समिति

संरक्षक

डॉ. बंश गोपाल सिंह

कुलपति

सहसंरक्षक

डॉ. राजकुमार सचदेव

कुलसचिव

संयोजक

डॉ. बीना सिंह

विभागाध्यक्ष : शिक्षा विभाग

संयुक्त संयोजक

श्री संजीव कुमार लवानियाँ

विभागाध्यक्ष : समाजशास्त्र-समाजकार्य विभाग

आयोजन सचिव

डॉ. अनिता सिंह

सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग

समिति के सदस्य

डॉ. बी.एल. गोयल	डॉ. प्रकृति जेम्स
डॉ. जयपाल सिंह प्रजापति	डॉ. रुचि त्रिपाठी
डॉ. प्रीतीरानी मिश्रा	श्री रेशमलाल प्रधान
डॉ एस. रूपेन्द्र राव	डॉ पुष्कर दुबे
डॉ. गौरी शर्मा	डॉ. दीपक पाण्डेय
डॉ. मोरध्वज त्रिपाठी	डॉ. तनुजा बिरथरे
डॉ. अनुपमा कुमारी	डॉ. सुषमा सोलंकी
डॉ. बालक राम चौकसे	श्री फुलेश्वर वर्मा
कु. शारदा पटेल	कु. नेहा अंचल

शुभकामना संदेश

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
PT. SUNDARLAL SHARMA (OPEN) UNIVERSITY CHHATTISGARH

डॉ. बंश गोपाल सिंह
कुलपति

Dr. Bansh Gopal Singh
Vice-Chancellor

क्र. ...503../कु.स./18 बिलासपुर दिनांक 03/10/2018

संदेश

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि हमारे विश्वविद्यालय में "भारत में सामाजिक भेदभावः स्वरूप, कारण एवं निवारण" विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी दिनाँक 06–07 अक्टूबर, 2018 को आयोजित की जा रही है। वर्तमान परिस्थिति में इस विषय पर विचार–विमर्श आवश्यक हो गया है। जाति, लिंग, वर्ग ,संप्रदाय, धर्म, प्रजातीय, क्षेत्रीय, भाषायी, इत्यादि आधारों पर व्याप्त सामाजिक भेदभाव समाज के आपसी भाईचारे एवं सदभाव को चोट पहुँचाते हुए, मॉब लिंचिग जैसी समस्याओं के रूप में परिणित हो रहा है, जो कि देश की एकता एवं अखण्डता के लिए गंभीर चुनौती है।

मुझे पूरा विश्वास है कि इस दो दिवसीय राष्ट्रीय–संगोष्ठी में सामाजिक भेदभाव को दूर कर सामाजिक समरसता के लिए विभिन्न मतों, विचारों एवं आवश्यक बिंदुओं पर विचार–विमर्श करते हुए समाधान हेतु उपायों पर विचार मंथन होगा।

आमंत्रित विशेषज्ञों, आयोजकों और प्रतिभागियों को अग्रिम शुभकामनाएँ।

BG 3.10

डॉ. बंश गोपाल सिंह

पता - कोनी-बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 फोन नं. (07752 240701, 240711) निवास (07752 424329)
मोबाइल नं. : +91 96699 07206
Website : www.pssou.ac.in, Email : vc@pssou.ac.in

शुभकामना संदेश

Prof. G.D. Sharma
Vice-Chancellor
BILASPUR UNIVERSITY
Bilaspur (C.G.) 495001
Former Vice-Chancellor, Nagaland University &
Former Pro-Vice-Chancellor, Assam University (Central)

प्रो. जी. डी. शर्मा
कुलपति
बिलासपुर विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.) 495001
पूर्व कुलपति, नागालैण्ड विश्वविद्यालय एवं
सह-कुलपति असम विश्वविद्यालय (केन्द्रीय)

कमांक 1947/नि.स./2018 बिलासपुर, दिनांक 25/9/2018

संदेश

यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि प्रदेश के न्यायधानी बिलासपुर शहर में स्थित ''पण्डित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर छ.ग.'' द्वारा विषय ''भारत एवं सामाजिक भेदभावः स्वरूप, कारण एवं निवारण पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन एवं शोध संक्षेपिका का प्रकाशन किया जा रहा है जो कि अत्यन्त सराहनीय है।

मैं मुक्त विश्वविद्यालय के अध्यापकगण द्वारा किये जा रहे प्रयास की हृदय से सराहना करता हूँ । आज के आधुनिक परिवेश में भी धर्म से लेकर बोलचाल तक भाषा से लेकर पहनावा तक, जातिगत भेदभाव, अमीर-गरीब, ऊँच-नीच, श्वेत-अश्वेत आदि सभी क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से भेद-भाव को महसूस किया जा सकता है। जिसका कारण ढूंढ कर निदान करना स्वस्थ्य समाज की अस्मिता के लिये अतयन्त ही आवश्यक है।

मुझे विश्वास है कि इस राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी में प्रकाशित होने वाली संक्षेपिका के माध्यम से सामाजिक भेदभाव संबंधित भ्रांतियाँ दूर करने में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगी।

दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी पर आधारित शोध संक्षेपिका के सफल प्रकाशन हेतु मेरी और विश्वविद्यालय परिवार की तरफ से विश्वविद्यालय एवं आयोजक समिति को हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई .....

G.D. Sharma

(प्रो. जी. डी. शर्मा)
कुलपति

Address : Gandhi Chowk, Bilaspur (Chhattisgarh) 495001,
Telifax + 91- 7752-220007 (O), +91-7752-220007, Mob. : +91-9406218401, 09435500660
E-mail : gduttasharma@yahoo.co.in, bilaspur.university2012@gmail.com, Website : bilaspuruniversity.ac.in

शुभकामना संदेश

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
कोनी, बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009
दूरभाष (07752) 240702, 240712

डॉ. राजकुमार सचदेव
कुलसचिव

Dr. Raj Kumar Sachdeo
Registrar

सामाजिक सद्भाव के संदेशवाहक कालजयी व्यक्तित्व कबीरदास और अन्य श्रेष्ठ महापुरूषों के देश में मनुष्यों की संख्या बुरी तरह घटी है और अपनी भाषा, क्षेत्र, जाति पंथ, संप्रदाय, धर्म, को आधार मानकर स्वयं को सर्वश्रेष्ठ मानने की भावना तेजी से बढ़ी है। जनसंख्या की दृष्टि से विश्व के दूसरे सबसे अधिक मानव शक्ति वाला देश होने पर भी हम निरंतर कमजोर और असहाय दिखते हैं तो सिर्फ इसलिए कि हम आज भी ठीक से मनुष्य नहीं बन पाये हैं। आज भी कुछ देश विरोधी शक्तियॉं सवॉं सौ करोड़ जनसंख्या को विभाजित करने के दुष्चक्र में लगी हैं। भारतीय जितने बटेंगें उतने कमजोर होंगे इस दुष्चक्र के वातावरण को असफल करना हम सभी भारतीयों का कर्तव्य है।

मानव मानव एक समान का भाव विस्तारित हो, मॉं भारती के पुत्र होने के कारण हम सब भाई हैं, इस विचार एवं उद्देश्य के साथ आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की सफलता हेतु शुभकामनाऍं।

Rkscachdeo

डॉ. राजकुमार सचदेव
कुलसचिव
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ़, बिलासपुर छ.ग.

पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
कोनी, बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009
दूरभाष (07752) 240715

संयोजक के कलम से.....

वि.वि परिवार की ओर से आप सभी का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत है। यह दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शिक्षा विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित है, आज इस प्रस्तावना का प्रारंभ आचार्य श्रीराम शर्मा के इस कथन से करते है कि "विवेक को परंपराओं के ऊपर प्रधानता देनी चाहिए" और संगोष्ठी का आयोजन भी विवेक जागरण का एक सशक्त माध्यम है। चर्चा, परिचर्चा, संवाद यह सब हमारी समृद्ध सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग है, चाहे विश्व के प्रथम विश्वविद्यालय नालंदा या तक्षशिला की बात हो, काशी में गंगा तट पर होने वाले शास्त्रार्थ हों या अद्धैतवाद को लेकर आदि शंकराचार्य संपूर्ण देश में भ्रमण करते समय बिहार में द्वैतवाद के प्रबल समर्थक मंडन मिश्र के साथ एक सप्ताह तक शास्त्रार्थ करते हों। यह वाद–संवाद का ही उदाहरण हैं, हमने विभिन्न प्रकार के मतान्तरों एवं समस्याओं का हल हमेशा आपसी संवाद एवं परिचर्चा से निकाला है, इसी सोच के साथ इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया है।

जहाँ तक इस संगोष्ठी के विषय के चुनाव की बात है," भारत में सामाजिक भेदभाव" विषय बेहद समीचीन है, क्योंकि आज जिस तरह देश में जाति–धर्म आदि के आधार पर भय एवं संदेह की जो स्थिति बनी है और इससे भी कहीं अधिक मॉब लिंचिग के रूप में जो हिंसा हो रही है, यह बहुत निराशापूर्ण है, आज भारतीय संस्कृति के मूल प्रतीकों को योजनाबद्ध तरीकों से धूमिल किया जा रहा है और गौरक्षा को पक्ष–विपक्ष ने राजनीति का अखाडा बना दिया है, कभी पूर्वोत्तर के लोगों के साथ उत्तर भारत में मारपीट होती है। माँ, बहनों और बेटियों के साथ दुराचार की घटनाएँ चरम पर हैं। तो दिव्यांग असहाय स्थिति में हैं, संवेदनहीनता चरम पर है। वृद्धजन वृद्धाश्रमों में शरण लेने के लिए विवश हैं, आज भी दलित समाज के व्यक्ति को घुड़चढी से रोका जाता है, यह स्थिति शर्मनाक है। आज सामाजिक भेदभाव गाँव–शहरों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कुछ राजनीतिज्ञों या कुछ स्वार्थी लोगों ने तो अपने तुच्छ हितों को साधने के लिए मानव को गली–मुहल्लों तक बाँट दिया है।

आज इस संदर्भ में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी का स्मरण स्वतः ही होता है। उनको सिर्फ दलितों, शोषितों का मसीहा कहना उनके व्यक्तित्व को सीमित करने जैसा होगा।

हमें तो उनके द्वारा दिए गए मंत्र " शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो" के निहितार्थ ढूँढने होंगे, यह सब केवल बदले की भावना से नहीं है।

लेकिन अगर हम समाजशास्त्रीय दृष्टिकोंण से इसे समझने की चेष्टा करते हैं तो पायेंगे कि भारत में विभिन्न जातियों ने अपनी मेहनत, संघर्ष शिक्षा–दीक्षा से जाति क्रम में अपनी उच्च स्थिति बनायी है।

हमें आज भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम का स्मरण हो रहा है उनका भारत के विकास में अमिट योगदान है आज भी वह प्रत्येक भारतीय के हृदय में स्वतः ही सम्मान पाते हैं। वे एक सच्चे राष्ट्रभक्त थे।

अभी हाल ही में जन–जन के नायक सर्वप्रिय पूर्व प्रधान मंत्री स्व. श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी ने इस संसार से विदायी ली है। यह संगोष्ठी उनके प्रति भी एक विनम्र श्रद्धांजलि है। बाजपेयी जी कहते थे – बाधाऐं आती हैं आयें, घिरें प्रलय की घोर घटाऐं कदम मिलाकर चलना होगा ।

जिन लोगों का दृष्टिकोण ऐसा है कि भारत में सब कुछ खराब था, या चल रहा है उन्हें स्वामी विवेकानंद जी से प्ररेणा लेनी चाहिए, जब स्वामी जी को सत्य का ज्ञान हुआ तो उन्होंने पाया कि चेतना के स्तर पर कोई भेद टिकता नहीं, जब शिकागो धर्म सम्मेलन में वे उद्घोष करते हैं "Who so ever comes to me through whatsoever the form, I reach to him" शायद धार्मिक सदभाव के लिए इससे बडा कोई चिन्तन नहीं हो सकता, यही सनातन भारतीय चिंतन है, जब वह भारत की दासता एवं दुर्दशा से विचलित थे तो उन्होंने एक ही बात कही " इस देश को खडा किया जा सकता है या सुरक्षित रखा जा सकता है तो वह सिर्फ और सिर्फ भारत के सनातन आध्यात्मिक चिंतन के द्वारा "। वह चाहते थे कि यह चिंतन हर भारतीय की बौद्धिक सोच का हिस्सा बने।

भारत में सामाजिक समरसता के इतिहास की बात करें तो मर्यादा पुरूषोत्तम राम –राज्य से बडा कोई दूसरा उदाहरण नहीं है, जब वह इस संसार से अंतिम विदायी लेते हुए सरयू नदी पर अपना शरीर छोड रहे थे, उस समय का दृश्य बड़ा ही मार्मिक एवं हृदयस्पर्शी है, सभी अयोध्या के नागरिक, वृद्ध, युवा, स्त्री, पुरूष, हर वर्ग के लोगों के नेत्र अश्रुपूरित थे और श्री राम जी से प्रार्थना करते हैं कि प्रभु हमें भी अपने साथ ले चलो।

जो भी लोग इस समाज और देश का नेतृत्व करना चाहते हैं, उन्हें श्री राम के चिन्तन के आधार को समझना होगा–एकोउहम बहुस्याम, एक में सब है और सब में एक है, एक अन्य श्लोक के अनुसार

परदारेषु, मातृवत, परद्रव्येषु लोष्ठवत।
आत्मवत सर्वभूतेषु यः पश्यति सः पण्डित।।

इस संगोष्ठी में हम देश के विभिन्न विचारकों एवं सुधारकों के योगदान को भी समझेंगे, जैसे– स्वामी दयानंद का आर्य समाज, गाँधी जी का सर्वोदय, विनोबा भावे का भूदान, पं. दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय आदि।

आज भारत में नवोन्मेष ओर प्रौद्योगकी चरमोत्कर्ष की ओर है, साथ ही योग एवं अध्यात्म मानव के अतृप्त मन को स्वस्थ चिंतन से सिंचित कर रहा है। ऐसे समय पर हमें आशा है कि इस द्वि दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में सामाजिक भेदभाव जैसी चुनौती के विभिन्न पहलुओं एवं कारणों पर विचार मंथन होगा और निश्चित रूप से इस सारस्वत अनुष्ठान से समाधान रूपी रत्नों का उद्भव होगा जो आने वाले समय में हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।

एक बार पुनः हमारे विश्वविद्यालय परिवार की ओर से आप सभी का बहुत–बहुत अभिनंदन एवं बहुत–बहुत स्वागत ।

सधन्यवाद।

संयोजक

(संजीव कुमार लवानियाँ)
विभागाध्यक्ष- समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग

(डॉ. बीना सिंह)
विभागाध्यक्ष : शिक्षा विभाग

Identity crisis of International Students: Social Discrimination

Roli Tiwari
Assistant Professor
ITE, Pt. Ravishankar Shukla University
Raipur (C.G.)

Prof. Bansh Gopal Singh
Vice- Chancellor
Pt. Sundarlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh, Bilaspur (C.G.)

Abstract

India has emerged as an educational hub in world scenario in recent past. Since Indian universities have opened their doors to international students, the numbers of international students have continued to grow. The present study was carried out to examine the stress level and effect on Mental Health of international students at an Indian University. The study also focused on/ point out the issues which was carried out by the international students that are identity crisis in a new culture which results social discrimination.

Data was collected from a focused group of five international students (three boys and two girls) for interaction of particular note of purposive sampling.

Using content analysis to the open ended comments on above issues, international students reported some more stressors and issues related to identity crisis such as cultural diversity, adjustment and psychological stressors. The findings were discussed in term of implications for international students.

Keywords : International students, Identity crisis, discrimination.

सामाजिक भेदभाव का स्वरूप

डॉ बीना सिंह
विभागाध्यक्ष शिक्षा
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

भारतीय समाज भेदभाव से इसलिए भरा हुआ है,क्योकि यहाँ हर प्रकार की विविधता है। धर्म और संप्रदाय के विविध रूप हैं, सबकि अपनी मान्यतायें एवं विश्वास है, जिसके कारण कई विभेद उभरते हैं, लैंगिक भेदभाव की गहरी खायी भारतीय समाज मे देखने को मिलती है, जातिवाद और ऊँच नीच की भावना भारतीय समाज में एक प्रश्न की तरह है जो हमारी एकता और अखंडता को चोट पहुँचा रहा है। क्षेत्रीयता ने भी हमारी एकता को प्रश्न में खड़ा किया है तथा भाषा का प्रश्न भी भारतीय परिप्रेक्ष्य में एक बड़े प्रश्न के रूप में उभरा है। यह सारे सामाजिक मुद्दे पूरे देश के लिए अच्छे नहीं है। हम सभी यह जानते और मानते हैं कि भारत एक तभी रहेगा, जब जाति, धर्म संप्रदाय और भाषा के प्रश्न को समाप्त कर दिया जाए। लैंगिक असमानता दूर किये बिना कभी भी आधे आबादी के साथ

न्याय नही होगा और जनसंख्या का एक वर्ग असंतोष की अग्नि में जलता रहेगा तो कभी भी शान्ति नहीं रहेगी इसलिए दिनकर ने लिखा है – शांति नहीं तब तक, जब तक सुख भाग न नर का सम हो। नहीं किसी को अधिक नहीं किसी को कम हो।।

भारतीय समाज विविधता का समाज है उसे हमें भेद विहिन बनाने की जरूरत है यही समय की मॉग भी है और जरूरत भी।

सामाजिक भेदभाव एवं शिक्षा

डॉ अनिता सिंह
सहायक प्राध्यापक शिक्षा
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

डॉ गौरी शर्मा
सहायक प्राध्यापक शिक्षा
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

वर्तमान समय विभिन्न तरह के द्वद्वों से भरा हुआ है, समाज का प्रत्येक व्यक्ति जहाँ एक ओर अभावो से भरा है वहीं दूसरी ओर व्यक्ति आत्मविश्वास से भी भरा है, और यही से शुरू होता है सामाजिक भेदभाव का सफर, बल्कि न केवल सामाजिक भेदभाव का साथ ही साथ आर्थिक भेदभाव, क्षेत्रीय भेदभाव, औधोगिक भेदभाव इत्यादि भी यही से पनपना शुरू हो जाते है, और यही भेदभाव फिर समाज में व्याप्त आपसी प्रेम, भाई–चारा, मानवता, नैतिकता जैसी भावनाओ को समाप्त करते है व्यक्ति अपने स्वार्थ के लिए समाज को जाति, धर्म में बांट रहा है, गरीब व्यक्ति गरीब ही बनकर रह गया है वह आर्थिक रूप से उपर नहीं उठ पा रहा है, जबकि अमीर व्यक्ति अपनी आर्थिक सीमाओ को बढाते जा रहे है, यदि वास्तव में हम सामाजिक भेदभाव जैसी भावनाओं से लड़ना चाहते है तो हमे शिक्षा का सहारा लेना होगा, शैक्षिक समानता ही हमारे वर्ग, जाति, धर्म, बंधन को तोड़कर समानता का भाव पैदा कर सकती है महिलाओं को उनका अधिकार दिला सकती है, शिक्षा हमे सोचना सिखाती है, हमारे कर्त्तव्यों व अधिकारो का बोध कराती है, हमे अपने हक के लिए लड़ना सिखाती है, और सभी सामाजिक, आर्थिक, क्षेत्रीय भेदभाव से उपर उठकर अपने को मुख्य धारा में जोड़ने मे सफल होती है, जिससे हर वर्ग का व्यक्ति अपनी दक्षता,क्षमता के आधार पर प्रत्येक भेदभाव के बंधन को तोड़कर समाज में एक प्रतिष्ठित वर्ग के रूप मे जाना जाए।

सामाजिक भेदभाव एवं शिक्षा

डा. प्रकृति जेम्स
सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग
पडिण्त सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि., छ.ग. बिलासपुर

भारत विश्व के सबसे तेज आर्थिक विकास वाले देशों में शामिल है किन्तु यहां व्याप्त सामाजिक भेदभाव विकास की रफ्तार को चुनौती देते नजर आते हैं। हम अपने देश की गरीबी को दूर करने मे सफल नही हो पा रहे हैं जिसका कारण है आर्थिक विकास को समान भाव से विस्तार नही किया जा

रहा है। गरीब व्यक्ति आर्थिक रुप से उपर उठने की बजाए और गरीब होता जा रहा है। हमारी सामाजिक चुनौतियां और बढ़ती जा रही है। शिक्षा और स्वास्थ सेवाओं पर पर्याप्त ध्यान न दिये जाने के कारण गरीबी, कुपोषण, भ्रष्टाचार, लैंगिक विषमता जैसी सामाजिक समस्यांए बढ़ती जा रही है। यह देश के विकास को आगे बढ़ने से रोक रहा है। यदि हम चीन से तुलना करे तो यह स्थिति विपरित है, चीन गरीबों की संख्या कम करने में कामयाब रहा है, रोजगार के पर्याप्त अवसर देने में सफल रहा है। यदि हम पिछले आकड़ों को देखें तो भारत में पिछले वर्ष अनगिनत शैक्षणिक संस्थाएं – विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय खोले गये हैं किन्तु राजनैतिक दबाव और भ्रष्टाचार जैसे कारण शिक्षा को आगे बढ़ने नही दे रहे हैं; हमारे देश में आई.आई.टी., आई.आई.एम. जैसी संस्थाएं आज भारत के विकास के लिए आवश्यक और प्रशिक्षित इंजीनियर देने में सक्षम नही हो पा रही है। शिक्षा और विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये भारत को सामाजिक भेदभाव की संकीर्णताओं से बाहर निकलकर सबके लिए समान अवसर तथा समान सोच की विचारधारा को अपनाने की आवश्यकता है जिससे कि भारत धर्म–आधारित देश न बनकर कर्म–आधारित देश के रुप में स्थापित हो सके जिसमें न कोई सामाजिक भेदभाव हो ना ही कोई धार्मिक भेदभाव हो।

सामाजिक भेदभाव के कारक तत्व : मनोसामाजिक दृष्टिकोण

डॉ. एस. रूपेन्द्र राव
विभागाध्यक्ष, मनोविज्ञान विभाग
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि. छत्तीसगढ़, बिलासपुर

शोध–सारांश

भारतीय सामाजिक परिस्थिती के निर्णायक तत्वों में सामाजिक संरचना विशेषकर यहॉ निवास करने वाले व्यक्तियों के समूहों एवं उनकी जीवन–शैली का विशेष महत्त्व है इस सामाजिक संरचना में जहॉ एक ओर विविधता की विशेषता दिखती है, वही दूसरी ओर सोच और चिंतन शैली की असमानता के कारण भेदभाव भी दृष्टिगोचर होते है, मनुष्य अपने जीवन को सुचारू रूप से चलाने के लिए बहुआयामी प्रयत्न अपने दैनिदनी जीवन में करता है इस दौरान अनेक व्यक्तियों, समूहों, विचार शैली, मूल्य, चिंतनशैली से उसकी परस्पर अंतःक्रिया होती है इस दौरान सोच या विचारों में अंतर के बाद भी कार्य सुचारू रूप से होते है यह सुदृढ़ सामाजिक व्यवस्था का एक विशेष गुण है। कभी–कभी विचारों में असमानता, चिंतन शैली में विकृति एवं वैमनस्य भेदभाव का कारण बन जाती है, मनोवैज्ञानिकों का यह मत है कि विशेष परिस्थिती में पालन–पोषण से व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण उसके अनुरूप होता है और उसका व्यवहार भी इससे प्रभावित होकर होता है भारतीय सामाजिक व्यवस्था में बहुत सी विशेषताओं के साथ भेदभाव जैसी सामाजिक कुरूतियॉ भी व्याप्त है, व्यक्ति विशेष को उसके धर्म, जाति, लिंग सम्प्रदाय, उपजाति, सामाजिक परिस्थिति एवं आर्थिक आधार के अनुसार अलग–अलग समझकर व्यवहार करना भेदभाव का कारण बनता है। व्यक्ति के व्यक्तित्व निर्माण एवं व्यवहार प्रर्दशन में मनोसामाजिक कारकों का बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। व्यक्ति के विकास क्रम में जहा। स्वस्थ मानसिक शाररिक विकास का महत्व है वहीं सामानीकरण की प्रक्रिया मे बेहतर सामाजिक परिवेश का

भी अपना विशेष महत्व है, बुद्धि के विकास के साथ चिंतन और सोच मे व्यापकता, सभी के प्रति समान दृष्टिकोण, व्यवहार में सामजस्य और लोचता एक अच्छे व्यक्तित्व का सूचक है। मनोसामाजिक परिस्थितियां विशेष व्यवहार को करने के लिए बाध्य करती है। समूह सोच या समाजिकरण के दौरान समूह चितंन से प्रभावित होकर व्यवहार करना भी परिवेशगत परिस्थिती पर कभी–कभी निर्भर रहता है, व्यक्तिगत कसौटी पर विवेक एवं बुद्धि के आधार पर निर्णय लेना स्वस्थ व्यक्तित्व की अलग विशेषता है।

सामाजिक भेदभाव के मनोवैज्ञानिक सामाजिक एवं अन्य महत्वपूर्ण कारकों को ज्ञात करते हुए वैज्ञानिक रूप से उन्हे सामने लाकर इसके निराकरण के उपायों की समीक्षा करना प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य है ।

संकेत शब्द :– सामाजिक भेदभाव, मनोसामाजिक कारक चितंन,व्यवहार आदि।

A Study on Role of Fiscal Measures for Economic Equality in India

Dr. Pushkar Dubey
Assistant Professor & Head
Department of Management
Pandit Sundarlal Sharma (Open) University
Chhattisgarh, Bilaspur

Dr. Deepak Pandey
Post Doctoral Fellow- ICSSR
Department of Psychology
Pandit Sundarlal Sharma (Open) University
Chhattisgarh, Bilaspur

Abstract
Countries across the globe are striving for economic equality. For any country social advancement is a sign of economic prosperity and prosperity is linked to economic development of a nation. All the prospering countries of the world are determined to achieve economic equality for overall economic development. Existence of gross inequalities is a social evil and no measure of economic growth will increase economic welfare unless an equitable distri-bution of the rising national product is assured. Instrument of taxation and certain types of govern-ment expenditure are used as a means of bringing about a redistribution of income in favour of the poorer sections of the society. It is worth noting that in a poor underdeveloped country the objective of equity can be achieved if fiscal policy seeks to reduce mass poverty and unemployment that prevails in it. It is essential to strike a balance between the two objectives of lessening economic inequalities and that of sustaining and strengthening incentives to invest and accelerating economic growth. The present article attempts to highlight the role of fiscal policy in bringing economic equality in the country. The outcome suggests the changing role of fiscal policy and use of tool in precision in achieving economic equality in the country.
Keywords: *Fiscal Policy, Economic development, Economic equality, Economic prosperity.*

Social Inclusion and Economic Equality in India

Reshamlal Pradhan
Assistant Professor & Head
Department of Computer Science
Pandit Sundarlal Sharma (Open) University
Chhattisgarh, Bilaspur

Dr. Mordhwaj Tripathi
Coordinator
Pandit Sundarlal Sharma (Open) University
Chhattisgarh, Bilaspur

Abstract

Rapid increase in economic growth has failed to achieve economic improvement in quality of life. The sole reason behind this economic inequality is non-income inequalities. Thus marginilization, lack of social support, and social protection are some of the prime reasons behind this in-equality. India is a populous county and constitutes of various class. Social inclusion is the process of improving the terms on which individuals and groups take part in society—improving the ability, opportunity, and dignity of those disadvantaged on the basis of their identity. Social inclusion empowers all members of society to take advantage of economic opportunities. The current article identifies four social inclusions adopted in independent India to bring in equality. First, recognising and nurturing cultural diversity, by the state not privileging the religion or language of the majority and by the state giving equal respect and opportunities to the religions and languages of the minorities. Second, by institutionalising political pluralism through a multi-party democracy and effective devolution of political power through real federalism and introducing a regime of nomination at macro and micro levels, wherever needed. Third, by abandoning centre-peripheral distinction. Four, by delegitimizing caste hierarchy.

Keywords: *Social inclusion, cultural diversity, political pluralism, caste hierarchy.*

Social Discrimination in India with Special Reference to Tibetan Refugees.

Sanjiv Kumar Lavania
Asstt. Professor & Head
Department Sociology & Social Work
Pt. Sundarlal Sharma (Open) University Chhattisgarh, Bilaspur

India is the land of multi-colors, there is a long history of civilization of human society over more than 7000 years jurney. Indian society is one of the oldest races through the world. With the origin of the species, there is a division or hierarchy on the basis of different parameters and it creates a group. Similarly in human society on being based on different attributes (colors, sex, region, etc), there is a division among people, two types of division is found in the society, one is based on qualities gifted by Nature and other one is achieved by individuals. But, in modern society of India, it is very alarming and disgusting because this division has been turned into social discrimination and resulting into other form as Mob Lynching.Social discrimination in India must be understood in the context of Tibetan Refugees because they are also contributing in the development of India.
This paper aims to identify the socio-economic status of Tibetan Refugees and it also presents the social discrimination as faced by them in present context in India.

Key Words: Tibetan- refugees, Civilization, Alarming , Disgusting.

भारतीय लोकतंत्र एवं सामाजिक भेदभाव

डॉ. रुचि त्रिपाठी
सहायक प्राध्यापक, राजनीति विज्ञान विभाग
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विष्वविद्यालय छत्तीसगढ,बिलासपुर

भारत, भाषायी, सांस्कृतिक एवं धार्मिक विभिन्नताओं से परिपूर्ण विश्व का सबसे विशाल लोकतंत्र है। लोकतंत्र एक ऐसी शासन प्रणाली है जिसमें जनसहभागिता सर्वोपरि होती है। यह एक ऐसी राजनैतिक व्यवस्था का द्योतक है जहाँ पर विभिन्न धर्मों, जातियों एवं सम्प्रदायों के लोग देश की शासन व्यवस्था को संचालित करने हेतु अपना जन–प्रतिनिधि चुनते हैं। मानव जीवन हेतु अपरिहार्य मूलभूत अधिकार जैसे समानता, विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रतायें, प्रेस एवं मीडिया की स्वतंत्रता आदि संविधान द्वारा संरक्षित की जाती हैं। परन्तु जब हम लोकतंत्र के संचालन में आने वाली बाधाओं अर्थात चुनौतियों की बात करते है तो स्पश्ट होता है कि जाति, सम्प्रदाय, धर्म एवं लिंग पर आधारित भेदभाव ने भारतीय लोकतंत्र के समक्ष व्यापक चुनौतियां प्रस्तुत की हैं। भारत में जाति व्यवस्था की संकल्पना अत्यंत प्राचीन है। प्रारम्भ में जाति विभाजन कार्य पर आधारित था परन्तु धीरे–धीरे इस व्यवस्था में विकशति आने लगी तथा यह विभाजन जन्म आधारित हो गया। जिसने लोकतांत्रिक व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डाला। जैसा कि हम सब जानते है कि लैगिंक समानता लोकतंत्र का एक मूलभूत सिद्धान्त है। भारतीय संविधान के द्वारा भी पुरूषों एवं महिलाओं को समान स्वीकार करने का निर्देश दिया गया है। इस संदर्भ को भारतीय संविधान में प्रदत मूल अधिकार, मूल कर्तव्य एवं राज्य के निति–निदेशक तत्वों संबंधी प्रावधानों से अधिक स्पष्ट रूप से समझा जा सकता है। परन्तु जाति, सम्प्रदाय, धर्म एवं लिंग पर आधारित भेदभाव ने भारतीय समाज में व्यापक असमानता की स्थिति को जन्म दिया है जिसके कारण समाज में सभी के लिये समान सामाजिक–आर्थिक सुविधाओं की व्यवस्था असम्भव हो जाती है और यह असमानता भारतीय लोकतंत्र की सफलता पर प्रश्नचिन्ह है।

Social Discrimination in India

Dr. Preeti Rani Mishra
Assistant Professor
Pt. Sundarlal Sharma (Open) University

Abstract:
Social Discrimination is the actual behavior of those who treat others differently depending on their social situation, to pigeon-hole someone socially, such that some benefits and resources do not reach to particular group or section of people thus another particular group benefits more and can have larger share of benefits. India has several discrimination problem as casteism, racism, gender discrimination, religious discrimination etc.

The main cause of these social problems is because of the mindset, as social discrimination is the product of mind. Social discrimination based on cast has become a major cause of concern for the country as several natures of the problems have arisen out of it such as – firstly it has caused dominance

of only higher class/ caste people in prestigious jobs or any kind of well paid jobs. Secondly serious nature of social discomfort as several sections of people has used reservations in jobs and education as an agenda for disturbing the peace and harmony of the country. Thirdly most of the opportunities are taken only by higher class. Fourthly low respect in the mind of people of higher class for lower class. Fifth, Inter-Caste marriage has become a hard choice. These social discriminations have also introduced several serious natures of national development, lower class people unable to take advantage of the government policies etc. India has so many deep rooted social issues which really needs to be tackled otherwise this type of behavior and discrimination with each other on the basis of religion, caste, region, etc. will destroy India as a Nation and we would end up in deep shame in front of world.

'अतीत के ज्ञान के बिना सामाजिक असमानता का समाधान संभव नहीं'

डॉ. एल.एस. गजपाल
एसोसिएट प्राध्यापक
समाजशास्त्र एवं समाजकार्य अध्ययनषाला
पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

जब कभी भी हम भारत के सांस्कृतिक विरासत की चर्चा करते हैं तो हम यह मानते है कि भारत का सांस्कृतिक विरासत गौरवशाली रही है, लेकिन उसी विरासत का एक पहलू ऐसी सामाजिक पक्ष से जुड़े है जिसमें भेदभाव और असमानता विद्यमान है। किसी भी समाज की पहचान उसकी संस्कशति से हाती है और संस्कृति सीखा हुआ व्यवहार है जिसे हम सामाजीकरण की प्रक्रिया के द्वारा आत्मसात करते हैं। एसे में अब यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब इतिहास गौरवशाली है तो वर्तमान में इतना सामाजिक भेदभाव क्या है? भारत में समाजशास्त्र को स्थापित करने वाले जी.एस. घुरिये का यह मानन था कि अतीत वर्तमान का आईना है और अतीत के अध्ययन से ही हम वर्तमान समाज की बेहतर व्याख्या कर सकते हैं। भारत के लगभग सभी प्रारंभिक दौर के समाजशास्त्रियों ने अतीत के अध्ययन के महत्व को स्वीकारा है। फ्रांसीसी समाजशास्त्रीय लुई ड्यूमा ने भारत में जाति व्यवस्था संबंधी अपने अध्ययन में जाति की परंपरागत मान्यताओं पर आधारित असमानता की जड़ें गहरी है जिसे समाप्त कर पना बेहद कठिन कार्य है। एम.एन. श्रीनिवास तथा एन.के. बोस ने भी भारतीय संस्कशति के विविध पक्षों की व्याख्या ऐतिहासिक संदर्भों में की है। भारतीय हिन्दू सामाजिक व्यवस्था में जाति पर आधारित भेदभाव के विशय में भीमराव अंबेडकर ने भी यह लिखा है कि जातिगत भेदभाव को समाप्त करने के लिए कई पीढ़ियों से चली आ रही उन मान्यताओं पर कुढाराघात करना होगा जे कि व्यक्ति और व्यक्ति के बीच की दूरी को बढ़ाता है। इसके लिए उन्होने दलितों को भी आहवान किया है कि आप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें, मैला ढोने की प्रथा बंद करें और दैनिक जीवन में उन व्यवहारों को आत्मसात करें जो आपको समाज की मख्यधारा से जोड़ने में सहायक है।

संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि वर्तमान में व्याप्त सामाजिक भेदभाव के आधार अतीत में छिपे हैं जिसके व्यवस्थित ज्ञान के बिना उसका समाधान संभव नहीं है।

भारतीय समाज मे भेदभाव एवं विज्ञान

प्रो.इंद्र भानु सिंह
विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा (छ.ग.)

श्रीमति अनुराधा साहू
सहा.प्रा. प्राणीशास्त्र
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय, बिल्हा (छ.ग.)

मानव जाति का इतिहास बताता है कि मानव स्वयं एक जाति है। मानवीय सामाजिक व्यवस्था के अंतर्गत पूरी दुनिया मे अनेकानेक जातियाँ मनुष्य के व्यवहार और मनोभाव के कारण उत्पन्न हुई है। मनुष्य जैसे– जैसे विकास की राह नापता गया वैसे–वैसे ही समाजिक व्यवस्था के भीतर जाति प्रगाढ़ बनती गई यद्यपि दुनिया मे सामाजिक तौर पर विभेद और असमानता पाई जाती है, चूंकि विज्ञान अधिक वास्तविक एवं सच्चाई के करीब होता है, इसलिए तार्किक आधार पर देखा जाए तो विज्ञान समाज मे विकास की लक्ष्य को प्राप्त करने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारतीय समाज मे जांति –पांति का जो दलदल तैयार हो गया था, उसे नष्ट कर ठोस व्यवस्थारूपी भूमि तैयार करने मे विज्ञान ने अग्रणी भूमिका निभाया है। जैसे–जैसे वैज्ञानिक उन्नयन होता है वैसे–वैसे समाज की मानसिकता मे भी वैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है और वह मानव समूह सच्चाई पर आधारित व्यवस्था को स्वीकार करता है जबकि आस्था और अंधविश्वास से ग्रसित व्यवस्था को नकारता है।

आज भारत मे शिक्षा का लोकव्यापीकरण ने वैज्ञानिक आविष्कार एवं चिंतन को भी विस्तारित किया है फलतः समाज के अंदर वैज्ञानिक सोच पैदा हुआ है, निष्कर्षतः हम कह सकते है विज्ञान मे भारतीय समाज की पुरातन प्रणाली मे आमूलचूल परिवर्तन करने का महती कार्य किया है, जिससे मुख्यतः जाति – पाति और भेदभाव की व्यवस्था को क्षीण किया है।

SOCIAL SYSTEM CAUSES SOCIAL DISCRIMINATION

Dr. D. P KUITY
UGC Visiting Professor

Dr. D. K. Maity
Pingla Thana College, W.B.

It is manifest that every child is born pure. We all have 206 bones with same blood composition. The various aspects of religion and culture are imposed on us after the birth. It is a male dominated society so the father's caste is imposed on the child. Although we speak out mother tongue but all depends on the understanding of the couple. With the increase in age we start feeling the difference of own culture with other's culture. A different view of sight is developed and that is stored in the mind which guides many a times. Various systems of faith exists and they are Hinduism, Islam, Buddhism, Jainism, Christianity. No conscience gives us the message to quarrel with the people. Even in this electronic age especially the people who are of old generation commonly do not accept the mixing of religion & caste. Although 2 to 3 decades back the inter-caste marriage was rare but now this can be

noticed in almost in all families. There is a problem with the caste but mixing of religions is more smoothly going on. In many cases it is recorded that the parents gladly accept the relation chosen by their boys/girls. Even two decades back people were feeling uncomfortable to disclose the matter related in making relation by marriage with people of other religion or caste but now it is not the case. People also do not ask about the caste or religion. Every religion has got it's own festival. In recent days it is observed that people celebrate the festival like Dussehara, Dipawali, Holi, Pongal, Onam, etc. together. Many cases we have seen that they (inter-caste couple) are living peacefully and leading their married life smoothly. Now in the marriage advertisement also it is mentioned "no caste bar". Inter-caste or inter-relation marriage is not centralized in certain levels. In higher income group discrimination is obscured due to not being highlighted.

जातिवाद और सामाजिक भेदभाव को दूर करने में सोशल मीडिया की भूमिका

डॉ. अनुपमा कुमारी
सहायक प्राध्यापक पत्रकारिता विभाग,
पं.सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

भारत में सोशल मीडिया के प्रति लोगों का जबरदस्त रुझान है। सामाजिक मीडिया का बढ़ता क्रेज अब पारंपरिक सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों को बदल रहा है. फेसबुक, व्हाट्स ऐप, ट्विटर और इंस्टाग्राम समेत ऐसी साइटों का इस्तेमाल करने वाले लोगों की तादाद लगातार बढ़ रही है। ऐसे में सोशल मीडिया के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही पहलू पर गौर करना होगा। यदि इसका इस्तेमाल सही ढंग से किया जाए तो यह सामाजिक समरसता को लाने, जातिगत और धार्मिक भेदभाव को दूर करने, राष्ट्रीय एकता को बढ़ाने में बेहद कारगर साबित हो सकता है। स्वतंत्र संग्राम की लड़ाई से लेकर अब तक पत्रकारिता मार्गदर्शक व समाज को एक दिशा देने का काम करती आई है। भारत में फेसबुक का इस्तेमाल करने वालों की तादाद के मामले में भारत ने अमेरिका को भी पीछे छोड़ दिया है। ऐसे में यदि कोई सन्देश समाज को जोड़ने में किया जाये तो यह पहल निश्चित तौर पर महत्वपूर्ण होगा. वर्ष २०१४ का लोकसभा चुनाव हो, अन्ना हजारे का जनआन्दोलन या फिर निर्भया काण्ड के बाद लोगों का न्याय मांगना, यह सब सोशल मीडिया के कारण ही सफल हो पाया। आज सोशल मीडिया जब आधुनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन गया है, ऐसे में शिक्षण संस्थान, गैर शैक्षणिक संस्थान (सरकारी एवं गैर सरकारी) तथा निजी तौर पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करनेवाले, नागरिक पत्रकार समरस, जातिविहीन व धर्मनिरपेक्ष समाज बना सकते हैं. प्रस्तुत शोध पत्र में उपरोक्त तथ्यों की गवेषणा की गयी है। जिसका यह निष्कर्ष है कि सामाजिक भेदभाव को दूर करने में पत्रकारिता और सोशल मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्य शब्दः सोशल मीडिया, जनांदोलन, नागरिक पत्रकारिता, सामाजिक भेदभाव, समरसता।

Social Discrimination In India:Nature,Causes and Prevention (The role of journalists and social media in eradicating social discrimination)

Dr. Anupa Thomas
Programme Coordinator (English)
Pt. Sundarlal Sharma (Open) University Chhattisgarh, Bilaspur

The role of journalists and social media in eradicating social discrimination is significant. The various human causes like age old traditions of centuries,changing Circumstances,present day governmental setup,the public tastes,social status, Income gradation,residential locality set up at rural or urban areas,family background of people lend colours to the media.Beliefs in existence and cultural Interests also play a great role.Adding salt to pepper journalists boom everytime. Provided a sense of social responsibility is instilled in them through an oath Service ,they could change the world.,provided they are trusted,respected And followed. The negativities highlighted by the media setup are to be ejected out and not absorbed into the society's social nerves if, then sure to have a transformation.Moreover social media, the so called nerves of the nation could Not only be narrating, relating, entertaining, educating, emphasizing, it could Rather be interrelating, befriending, communicating with understanding even.Care to be taken to avoid all the hazardous states and situations,to maintain The unity and integrity of the country with no social discrimination as such.

सामाजिक भेदभाव पर संवैधानिक हस्तक्षेप एवं विधिक उपचार

डॉ (श्रीमती) तनुजा बिरथरे
सहा.प्राध्यापक (विधि)
पं. सुन्दरलाल शर्मा(मुक्त) वि.वि. छत्तीसगढ़
बिलासपुर

डॉ बालकराम चौकसे
सहा.प्राध्यापक (संस्कृत)
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि. छत्तीसगढ़
बिलासपुर

प्राचीन समय मे सामजिक भेदभाव वर्ण के आधार पर देखा जाता था, किंतु वर्तमान में सामाजिक रूप से देखा जाए तो जाति के आधारों पर भेदभाव की बात आती है। जाती एवं वर्ण दोनों भिन्न धारणाएं है। सेनार्ट प्रथम व्यक्ति थे जिन्होने जाति एवं वर्ण को भिन्न बताया। वर्ण शब्द का प्रयोग ऋग्वेद मे 400 बी.सी. मे हुआ था। समाज मे भेदभाव के कई आधार है– जैसे जाति, वर्ण, मूलवंश, लिग जन्म स्थान, शिक्षा, धर्म, कार्य के आधार पर होने वाले भेदभाव।

भारतीय संविधान उपरोक्त सभी आधारों पर भेदभाव करने का प्रतिरोध करता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 15,16,21,38 एवं भारतीय संविधान के अनु.14 (क) विधि के समक्ष समता अथवा विधि का समान संरक्षण का अधिकार प्रदान करता है। भारतीय संविधान मे सामाजिक रूप से पिछड़ें व्यक्तियों के सामाजिक स्तर को सुधारने हेतु तीन स्तरीय नीति का निर्धारण किया गया।

1. सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर। 2. आपसी भेदभाव को समाप्त कर। 3. उनका विकास कर।

सामाजिक सुरक्षा हेतु विभिन्न विधायन बनाये गये जैसे– SC & ST (PREVENTION OF ATROCITIES) ACT 1989, लाया गया।

इसी प्रकार से अगस्त 2018 मे अन्य पिछडा वर्गो के सामाजिक सुरक्षा हेतु बिल पास किया गया। जिसके द्वारा पिछड़ा वर्ग कमीशन स्थापित किये जाने का प्रावधान किया गया ।

इस प्रकार से भारतीय संविधान एवं विभिन्न विधायनों मे सामाजिक भेदभाव को समाप्त कर सभी को एक स्तर पर लाने का प्रयास किया गया।

भारत में सामाजिक भेदभाव का कारण और उसका निदान : एक समाज शास्त्रीय अध्ययन

डॉ. रवीन्द्रनाथ शर्मा
विभागाध्यक्ष,
समाजकार्य एवं समाजशास्त्र विभाग
श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय अम्बिकापुर, जिला–सूरजपुर छत्तीसगढ़

किसी भी समाज में मानव के किसी भी तरह का अवैज्ञानिक वर्गीकरण भेदभाव कहलाता है। आदिकाल से ही व्यक्ति अपनी पहचान और अस्मिता बनाने के लिये तरह–तरह के सामाजिक उपादानों का सहारा लेता रहा है। भारत में सामाजिक भेदभाव के अनेक कारण यथा जातिप्रथा, वर्णव्यवस्था, धार्मिक भेदभाव, कथित रूपेण दलित की भावना आर्थिक उच–नीच सामन्त इत्यादि विकार रहे है। इनमें यदि किसी ने सामाजिक भेदभाव को यदि सबसे ज्यादा विकृत स्वरूप प्रदान किया है तो वो जाति प्रथा रही है। कुछ कथित उच्चवर्ण के द्वारा इसे धार्मिक जान–पहचान कर हजारों वर्षो तक शोषण किया गया है।.जाति–प्रथा को वर्ण व्यवस्था का एक स्वरूप माना जाता हैं, जिसमें व्यक्ति की योग्यता व कर्म उसके जन्म से निर्धारित होते है हालांकि वर्तमान में इसका अस्तित्व कम हो चुका है किन्तु कुछ राजनैतिक दलों एवं संवैधानिक प्रावधानों के तहत इसे अभी भी अस्तित्व में बनाया गया है। यह माना जा रहा था कि जैसे–जैसे विज्ञान में नवीन खोज एवं अविष्कार विज्ञान और प्रौद्योगिकी विकसित होगी जातिप्रथा जैसे सामाजिक भेदभाव का अस्तित्व समाप्त होता जायेगा। इसके विपरीत यह देखा जा रहा है कि यह सामाजिक भेदभाव नपे–तुले स्वरूपों में विकसित होता जा रहा है। यदि हम इस का सूक्ष्म और वैज्ञानिक विश्लेषण करे तो यह पाते है, कि जब तक हम अपने संस्कारों पूर्व भेदभाव रहित परम्पराओं में सुधार नही लाते है तब तक सामाजिक भेदभावरहित समाज का निर्माण नहीं कर सकते हैं। विकास के सारे भौतिक उपादान गगनचुंबी इमारते, मेट्रोट्रेन, सड़कें, गाडी–वाहन, सोशल मीडिया तब तक निरर्थक है जब तक कि हम समतामूलक, भेदभावरहित सामाजिक–सांस्कृतिक पर्यावरण का निर्माण न कर सकें। सामाजिक गतिशीलता यदि पूर्व निर्मित भेदभावरहित परम्पराओं, रीतियों, प्रथाओं को नही छोडती है तो उसका प्रयास निरर्थक है।

भारत में सामाजिक भेदभाव के निराकरण में सूचना एवं संचार तकनीकी की भूमिका

डॉ. जया शर्मा
विभागाध्यक्ष, कम्प्यूटर एवं आई.टी. विभाग
कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज
अम्बिकापुर, जिला–सरगुजा, छत्तीसगढ़

सामाजिक विभाजन हमारे देश में मुख्य रूप से जन्म पर ही आधारित है। हम अपना जाति वर्ण चुनने के लिये स्वतंत्र नहीं होते है। विशेष जाति धर्म में जन्म से ही हमें उसका सदस्य माना जाता है भले ही हमारे व्यक्तिगत योग्यता या क्षमता उससे मेल खाती हो या नहीं हो इसी जन्म पर आधारित व्यवस्था ने अनेक सामाजिक बुराइयों और विकृति को जन्म दिया है। जिसका परिणाम व्यक्तिगत विघटन, सामाजिक विघटन से लेकर राष्ट्रीय पतन, हजारों वर्षो की क्षमता रही है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद विज्ञान की आविष्कारों एवं प्रचार प्रसार के बाद यह प्रत्याशा थी कि समाज में लोगों की सोच और समझ बढ़ेगी और नयी वैज्ञानिक सूचना और दूर संचार प्रौद्योगिकी, सोशल मीडिया नित्य नये आविष्कार के कारण काफी हदतक इस भेदभाव को दूर करने में मदद तो मिली है। दूसरी ओर यह भी देखने को मिल रहा है कि इन तकनीक का दूरूपयोग करके इस भेदभावको बढ़ाया भी जा रहा है। वैज्ञानिक आविष्कार नैतिकता से परे होता है क्यों कि यह इसके उपयोगकर्ता के अनुसार फलित होता है। सूचना और संचार तकनीक ने आज सारे विश्व को एक गाँव में परिवर्तित कर दिया है। इसमे कोई मतभेद नही है कि सांस्कृतिक आत्मसातीकरण करने लोगों के विचारों सोंच–समझ को बदलने में ICT इसकी बडी भूमिका है। समाज वैज्ञानिक मानते हैं कि किसी भी वैज्ञानिक आविष्कार का प्रतिफल हम अपने सांस्कृतिक परिवेश में दिखता है। विगत कई वर्षों में यह देखा गया है कि अपने जडता और भेदभावरहित अपमूल्यों का बढाने में हमने ICT का दुरूपयोग ही किया है। जबकि एक समतामूलक समाज के निर्माण में ICT हमारे लिये वरदान साबित हो सकता है। वैज्ञानिक क्रान्ति के फलस्वरूप इस आविष्कार ने हमारे समक्ष अनेक सुअवसर भी प्रस्तुत किये हैं, किन्तु हम इसका सकारात्मक सदूपयोग नही कर पा रहे हैं।

''भारतीय समाज में भेदभाव की वास्तविकता''

प्रो. प्यारेलाल आदिले
प्राचार्य एवं प्रमुख (राजनीति विज्ञान)
जे.बी.डी. ,कला एवं विज्ञान महाविद्यालय कटघोरा, छत्तीसगढ़ (भारत)

"सावधान रहना उनसे, जो ठगते धोखा देकर।
समता की राह चलना साथियों, शिक्षा का दीप लेकर।"

भारतीय समाज की ऐतिहासक पृष्ठभूमि पर नजर डालें तो यह स्पष्ट होता है कि यह समाज दुनियाँ के सर्वश्रेष्ठ समाजों में गणना का योग्यता लिए हुए था। यहाँ का जनसामान्य धन–धान्य से सम्पन्न और सुखी था। किंतु धार्मिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो यहाँ हिन्दूओं में जाति आज भी कुरीतियों का घर बना हुआ है। समय के साथ देश की स्थिति में बदलाव आया, आज देश स्वतंत्र है किन्तु भारतीय सामाजिक व्यवस्था आज से लगभग 250 वर्ष पहले की तरह विषमता की जाल में अब भी फंसा हुआ है, यह जाल पूर्णतः हमारे ही समाज के स्वार्थी एवं धर्म के ठेकेदारों ने बुन रखा है।

ज्ञान एवं विज्ञान की नजर से देखें तो भारतीय समाज में प्रमुख तौर पर दो वर्गों के साथ सामाजिक भेदभाव किया गया एक तो स्त्री जाति और दूसरा शूद्रवर्ण की जातियों पर। स्वतंत्रता के पूर्व तक स्त्रियों पर सामाजिक भेदभाव की पराकाष्ठा दिखाई देती है। इन्हें घर की दासी समझा जाता रहा है। बाल विवाह, वृद्ध विवाह, विवाह विच्छेद, विवाह निषेध, सतीप्रथा, दहेजप्रथा व महिला मर्दन आदि ने इनकी और भी दुर्दशा कर दी थी। यहाँ तक कहा जा सकता है कि जन्म से लेकर मृत्यु तक की आजीवन कैद किस विधाता ने इनके भाग्य में लिख दी थी–" पिता रक्षित कौमारे, भर्ताःरक्षित यौवने। पुत्रश्च स्वविरे भावे न स्त्री स्वतन्त्र्य मर्हति।" अर्थात बाल्यावस्था में पिता, युवावस्था में पति, वृद्धावस्था में पुत्र इसकी रक्षा करता है इस प्रकार स्त्री कभी स्वतन्त्र नहीं रह पाई।

चतुर्थवर्ण शुद्रों के बीच जाति–पांति का भेदभाव भारतीय समाज में एक कलंकित करने वाली व्यवस्था है। तब की व्यवस्था में शुद्रवर्ण के जातियों को न तो पढ़ने का अधिकार था, न ज्ञान सुनने का, न राह चलने का। अब की व्यवस्था में भी इन्हें कोई ठोस समतामूलक स्थिति प्रदान नहीं किया जा रहा है। स्त्रियों और शुद्रवर्ण की जातियों पर ढाही गयी आक्रामक सितम को दूर करने हेतु अनेक महापुरूषों और विचारकों ने काम किया। तुलसी, कबीर, रवि, सूर, गुरू घासीदास, दयानन्द सरस्वती, राजारममोहन राय, महात्मागांधी, सुभाषचन्द्र बोस, जवाहरलाल नेहरू, जयप्रकाश नारायण, स्वामीविवेकानन्द, इंदिरा एवं राजीव गांधी ने, शिक्षागुरू ज्योतिबाफूले, सावित्रीफूले, साहूजीमहाराज, पेरियार, विश्वज्ञान के प्रतीक विश्वरत्न डा. अम्बेडकर ने एवं मान्यवर कांशीराम तथा अन्य अनेक महापुरूषों ने अपना अमूल्य योगदान दिया।

वैदिक कालीन वर्ण व्यवस्था

डा. राजीव शर्मा
सहायक प्राध्यापक(इतिहास)
शासकीय जे.एम.पी.महाविद्यालय
तखतपुर जिला–बिलासपुर

डा. श्रीमती मीना शर्मा
सहायक प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र)
शासकीय जे.एम.पी.महाविद्यालय
तखतपुर जिला–बिलासपुर

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृति है। भारतीय संस्कृति का मूल स्त्रोत वेद है । वेदों की संख्या चार है ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अर्थववेद वेद इतने प्राचीन हैं कि इनमे रचना किस काल में हुई यह एक विवादास्पद प्रश्न है। हिन्दु वेदों को अपौरूषेय या ईश्वर द्वारा रचित मानते है । इनमें ऋग्वेद प्राचीनतम है और अन्य वेदों की रचना बाद में की गई। वैदिक युग को दो भागों में विभाजित किया गया है जिस युग में ऋग्वेद की रचना हुई उसे ऋग्वैदिक काल या पूर्व वैदिक काल कहा जाता है तथा शेष तीनों वेदों की रचना का काल उत्तर वैदिक काल कहलाता है ।

'वेद' शब्द संस्कृत भाषा की 'विद' धातु से संबंधित है जिसका अर्थ है जानना या ज्ञान होना। अतः वेद ज्ञान एवं जानकारी के भण्डार है।

वर्ण व्यवस्था की उत्पत्ति के संबंध मे ऋग्वेद के पुरूषसूक्त के अनुसार परमपुरूष अर्थात ईश्वर ने ही समाज को चार वर्णों में विभाजित किया है तथा विभिन्न वर्णों का जन्म उसी परम पुरूष के शरीर के विभिन्न अंगो से हुआ है। पुरूषसूक्त में कहा गया है कि ईश्वर ने अपने मुख से ब्राम्हण, बाहु से क्षत्रिय, जंघा से वैश्य तथा पैरों से शूद्र को उत्पन्न किया है।

भारत में सामाजिक भेदभावः स्वरूप, कारण एवं निवारण

डॉ. सुनीता राठौर
सहायक प्राध्यापक (हिन्दी)
शासकीय एम.एम.आर. स्नातकोत्तर
महाविद्यालय चाम्पा (छ.ग.)

भारत में सामाजिक भेदभाव बहुत दिनो से चला आ रहा है। यह हमारे लिए अत्यंत दुखदायी है। सामाजिक भेदभाव विभिन्न रूपों में समाज में उपस्थित है जैसे – जातिगत भेदभाव, लैंगिक (महिला और पुरूष) वर्ण आधारित (काले–गोरे, अमेरिका और यूरोप में) लम्बे छोटे इत्यादि। कल यह दूसरे रूप में था आज अलग रूप में हैं नए वाले कल में दूसरे में होगा। जितने भी भेदभाव है, उसमें सभी एक दूसरे को नीचा दिखने का प्रयास करते है यदि ऐसा नही कर पाते है तो उनमें हीन भावना उत्पन्न हो जाती है जहां तक जाति और वर्ण का सवाल है तो वर्ण व्यवस्था भारत में वैदिक काल से है। उत्पन्न जिसमें ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य और शुद्र के रूप में वर्णित है। परन्तु अछुत जाति या अछुत वर्ण का वर्णन कही नहीं मिलता। चारो वर्णो के बारे में लगभग सभी लोग जानते है। परन्तु जो शुद्र वर्ण है उसका मतलब था (सेवा देने वाले) जाति व्यवस्था बहुत ही निंदनीय व्यवस्था थी परन्तु आज नहीं पायी जाती। आज सभी वर्ण या जाति के लोग हर तरह का कार्य करते है, सभी जाति के लोग व्यापार, सेवा में, नौकरियों में, सेना में राजनीति इत्यादि। हर जगह हर जाति के लोग है।

भारत में सामाजिक भेदभाव का स्वरूप

डॉ. एल. एन. दुबे
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र
शास. माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महावि. बिलासपुर

भारतीय समाज में लिंग असमानता का मूल कारण इसकी पितश सत्तात्मक व्यवस्था में निहित हैं। प्रसिद्ध समाज शास्त्री सिल्विया वाल्बे के अनुसार ''पितश सत्तात्मकता सामाजिक संरचना की ऐसी प्रक्रिया और व्यवसाय है, जिसमें आदमी औरत पर अपना प्रभुत्व जमाता हैं, उसका दमन करता हैं और उसका शोषण करता हैं।'' महिलाओं का शोषण भारतीय समाज की सदियों पुरानी सांस्कशतिक घटना हैं। पितश सत्तात्मकता व्यवस्था ने अपनी वैधता और स्वीकशति हमारे धार्मिक विश्वासों, चाहे वो हिन्दु, मुस्लिम या किसी अन्य धर्म से ही क्यों न हों से प्राप्त की हैं। उदाहरण लिये, प्राचीन हिन्दू कानून के

निर्माता मनु के अनुसार ''ऐसा माना जाता है कि औरत को बाल्य काल में पिता के अधीन, शादी के बाद पति के अधीन और अपनी वद्धशवस्था या विधवा के बाद अपने पुत्र के अधीन रही है।
मनु द्वारा महिलाओं के लिये ऊपर वर्णित स्थिति आज के आधुनिक समाज की संरचना में भी मान्य है। यदि यहॉ–वहॉ के कुछ अपवादों को छोड़ दे तो महिलाओं को घर में या घर के बाहर समाज या दुनिया में स्नतंत्रतापूर्वक निर्णय लेने की कोई शक्ति नही मिली है। किन्तु मेरा यह मानना है कि वर्तमान में महिला एवं पुरूष दोनों को बराबर निर्णय लेने का अधिकार है।

मुस्लिमों में भी समान स्थिति है और वहॉ भी भेदभाव या परतंत्रता के लिये मंजूरी धार्मिक ग्रंथो और इस्लामी परम्पपराओं द्वारा प्रदान की जाती है। इसी तरह अन्य धार्मिक मान्यताओं में भी महिलाओं के साथ एक ही प्रकार से या अलग तरिके से भेदभाव हो रहा है।

समाज में परम्परागत रूप से महिलाओं को कमजोर जाति वर्ग के रूप में माना जाता हैं। वह पुरूषों की एक अधीनस्थ स्थिति में होती है। वो घर और समाज दोनों में शोषित अपमानित और भेदभाव से पीड़ित होती है। महिलाओं के खिलाफ भेदभाव का ये अजीब प्रकार दुनिया में हर जगह प्रचलित है और भारतीय समाज में तो बहुत अधिक है। जबकि कानून में पुरूष और महिला दोंनो को समान अधिकार प्राप्त है।

समाजिक असमानता तब होती है जब किसी दिये गये समाज के संसाधनों के असमान रूप से वितरित किया जाता है आम तौर पर आवंटन के मानदंडों के माध्यम से, जो कि समाजिक रूप से परिभाषित श्रेणियों के व्यक्तियों कि तर्ज पर विशिष्ट पैटर्न पैदा करता है। यह शक्ति धर्म, रिश्तेदारी, प्रतिष्ठा, जाति, जातीयता, लिंग, आयु, यौन, अभिविन्यास और कक्षा के बारे में लाये गयें समाज में समाजिक वस्तुओं की पहुॅच का भेदभाव प्राथमिकता है। समाजिक अधिकारों में श्रम बाजार, आन का स्त्रोत, स्वास्थ्य, देखभाल, भाषण, शिक्षा, राजनितिक प्रतिनिधित्व और भागीदारी की स्वतंत्रा शामिल है। दुनिया भर में कई समाज गुणों का दावा करते हैं अर्थात् समाज विशेष रूप से योग्यता के आधार पर संसाधनो को वितरित करते है। माइकल यंग ने 1958 में डाइस्टोपियान निबंध ''द रियज ऑफ द मेरिटोकसी'' में मेरिड्रॉसी शब्द को सोशल डिशफेक्शन का प्रदर्शन करनने के लिये प्रख्यापित किया, जिसने उन समाजों में उत्पन्न होने की आषा की थी, जहॉ एलिट्स का मानना है कि वे पूरी तरह से योग्यता के आधार पर सफल है, इसलिये अंग्रेजी में इस षब्द को अपनाने के बिना नकारात्मक अर्थो को विडंवना है।

प्रत्येक साल 10वीं और 12वीं में लड़कियों का परिणाम लड़को से अच्छा होता है। ये प्रदर्शित करता है कि 12वी कक्षा के बाद माता–पिता लड़कियो की शिक्षा पर ज्यादा खर्च नही करते जिससे कि वो नौकरी प्राप्त करने के क्षेत्र में पिछड़ रही है।

अतः उपर्युक्त विवेचन के आधार पर कहा जा सकता हैं कि महिलाओं के साथ असमानता और भेदभाव का व्यवहार समाज में, घर में, और घर के बाहर विभिन्न स्तरों पर किया जाता हैं। जबकि कानून की दशश्टि में लड़का और लड़की दोंनो कों समान अधिकार प्राप्त है।

दिव्यांगजनों के पहचान का संकट

Smt. Needhi Singh
Assistant Professor (Sociology)
Rajiv Gandhi Govt. Arts & Commerce College Lormi, Mungeli, (CG)

"ईश्वर ने एक ऐसा संसार बनाया, जहॉ सभी के लिए धरती व आसमान बनाया,
पर मानव ने स्वयं एक ऐसा समाज बसाया, जहॉ दिव्यांगों के पहचान का संकट है छाया"

ईश्वर ने इस सशष्टि का निर्माण किया और मानव जीवन का आरम्भ हुआ। आज मानव 21वीं शताब्दी में कदम रख चुका है और पश्थ्वी से बाहर निकलकर चॉद तक अपना आशियाना बनाने को तैयार हो रहा है। इतनी ऊँची उड़ान भरने के बावजूद समाज में आज भी कुछ वर्ग अपनी पहचान स्थापित करने के लिए संघर्षरत् है। समाज का एक ऐसा ही वर्ग है दिव्यांगजनों का वर्ग। दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए समाज कल्याण विभाग और भारत सरकार की अनेक योजनाऍ संचालित है जैसे – दिव्यांग पेंशन, छात्रवशत्ति, विवाह प्रोत्साहन योजना, कौशल विकास एवं दिव्यांगजन स्वरोजगार ऋण योजनाएं आदि। इसके अतिरिक्त संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 21, 23, 39 और अन्य कई अनुच्छेदों में समानता के अधिकार सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने हेतु प्रदान किए गए है, दिव्यांगों को आरक्षण भी दिये गये है। पर प्रश्न यह उठता है कि इस प्रावधानों और योजनाओं के बावजूद दिव्यांगों को समाज में अपने पहचान के संकट से जूझना पड़ रहा है जबकि दिव्यांगजन पैरा ओलम्पिक, व्हीलचेयर क्रिकेट, व्हीलचेयर तलवारबाजी आदि खेलों के अलावा स्वरोजगार व रोजगार के उच्च पदों पर आसीन हो रहे है और कामयाबी के शिखर पर आसीन होने हेतु प्रयासरत् है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि हमें अपनी सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाना होगा, ताकि समाज में भेदभाव समाप्त हो सके।

संत कबीर का धार्मिक एवं सामाजिक सुधार में योगदान

प्रो. (श्रीमती) मीना श्रीवास्तव
प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष –इतिहास
षास. कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर, स्वषासी महाविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

भारतीय इतिहास में 1206 ई. में कुतुबुद्दीन ऐबक के द्वारा दिल्ली साम्राज्य पर 'सल्तनत' की स्थापना से लेकर मुगल वंश के सम्राट बहादुरशाह द्वितीय (1837–1857 ई.)' के 1858 ई. में अंग्रेजी राज्य के विरूद्ध हुये 'प्रथम स्वतंत्रता संग्राम' के साथ ही मुगल साम्राज्य का पतन हो गया। सल्तनत एवं मुगल काल में भारत में बड़ी तीव्रता से 'इस्लाम धर्म' का प्रचार–प्रसार हुआ था, जिसने मध्यकालीन भारत की प्राचीन कालीन सामाजिक एवं धार्मिक स्थितियों पर अपना अत्यधिक प्रभाव डाला। संपूर्ण सल्तनत एवं मुगल काल भारतीय मध्यकाल के नाम से जाना जाता है। मध्यकाल में भारत में अनेक ऐसे

संत हुये हैं जिन्होंने तत्कालीन सामाजिक एवं धार्मिक कुप्रथाओं के विरूद्ध अपने काव्यात्मकता के माध्यम से जनजागरण की दिषा में अथक प्रयास किये।

पन्द्रहवीं शताब्दी में संत कबीर ने समाज में व्याप्त अनेक धार्मिक एवं सामाजिक बुराइयों जैसे कि जाति प्रथा, धार्मिक अंधविश्वास, मूर्तिपूजा, अस्पृष्यता, आदि कुरीतियों की समाप्ति हेतु अपने पद एवं दोहों के द्वारा जनमानस में जनजागरण फैलाने का प्रयास किया। आज वर्तमान में भी भारतीय समाज धर्म एवं जाति की संक्रमणता से प्रभावित हैं जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय उत्थान में निश्चित ही बाधा पहुंच रही है।

सामाजिक दृष्टिकोण से भारत विभिन्नताओं से भरा देश है, उत्तर भारत के निवासी आर्यो के वंशज माने जाते है एवं दक्षिण भारत के निवासी द्रविण समूह के वंशज माने जाते है। भाषायी दृष्टिकोण से यहां के 78.05 प्रतिशत निवासी इन्डो आर्यन भाषा का प्रयोग करते है एवं 19.64 प्रतिशत लोग द्रविणीयन भाषा का प्रयोग करते है। भाषायी विविधता की दृष्टिकोण से भारत विश्व में द्वितीय बड़ा देश है। जहां कुल 780 भाषा बोलियों का व्यवहार प्रचलन में है। धार्मिक दृष्टिकोण से बहुसंख्यक हिन्दू धर्म के मानने वाले 79.8 प्रतिशत लोग है। वहीं मुस्लिम सम्प्रदाय के 14.2 प्रतिशत, ईसाई धर्म के 2.3 प्रतिशत, सिक्ख धर्म के 1.7 प्रतिशत, बौद्ध धर्म 0.7 प्रतिशत एवं जैन धर्म 0.4 प्रतिशत को मानने वाले कुल 0.4 प्रतिशत लोग निवासरत है। इन विभिन्न धर्म के मानने वाले लोगों में भी आपस अनेक जातियों एवं उपजातियों में बंटे हुए है। जिनकी संख्या लगभग 2500 से लेकर 3000 तक है। भारतीय समाज परम्परागत् एवं रूढ़ीवादी होने के कारण यहां के अधिकांश धर्मावलंबियां जातियां एथनोसेन्ट्रिक्य (स्वजाति केन्द्रितावाद) जैसे रोगो से ग्रसित है।

हमारे देश की उन्नति एवं प्रगति के लिए सामाजिक भेदभाव वर्तमान समय की गंभीर सामाजिक समस्या है। जिसका निराकरण किये बिना हम अपने विश्व गुरू बनने की आकांक्षा को सार्थक नहीं कर पायेंगें। इसलिए इस समस्या के निराकरण हेतु शिक्षा में समाज से संबंधित गुणात्मक सुधार धार्मिक एवं जातिगत कट्टरता के विरूद्ध कठोर एवं दमनात्मक कानून बनाकर एवं उसका क्रियान्वयन कर इसके अतिरिक्त धार्मिक संगठन जातिगत संगठन को समाप्त कर मानव जाति संगठन बनाए जाने हेतु प्रयास किये जाने चाहिए। इस प्रयास में न केवल सरकार अपितु प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्य के रूप में अंगीकार करने की जरूरत है, तभी इस देश की इस गंभीर सामाजिक समस्या का निराकरण संभव है।

मोब लीचिंग: स्वरूप, कारण एवं निवारण

डॉ. तूलिका शर्मा
सामाजिक कार्यकर्ता, जगदलपुर

मोब लीचिंग शब्द का प्रयोग ऐसी जगह किया जाता है जहॉ पर भीड़ या समूह नियंत्रण से बाहर जाकर अनौपचारिक, अव्यवहारिक रूप से किसी वारदात या घटना को अंजाम देते है। सोशल मीडिया, व्हाट्स एप या किसी अन्य माध्यम से फैली झूठी और भ्रामक खबरो के कारण लोग किसी को भी अपराधी समझ लेते है और फिर इतना पीटा जाता है कि उनकी मृत्यु तक हो जाती है। अनेक ऐसे उदाहरण है जिससे यह कहा जा सकता है कि भीड़ खुद ही न्याय करना और नैतिकता के दायरे तय करना चाहती है, जैसे– कठुआ व उन्नाव का मामला, कश्मीर में पत्थरबाजी, अफराजुल व अखलाक के मामले में प्रतिकिया आदि अनेक ऐसे उदाहरण है जिससे यह कहा जा सकता है कि भीड़ खुद ही कानून का काम करती है एवं उसके द्वारा की गई हिंसा को व्यवहारिक और सही मानती है। हिंसा का यह तरीका एक महामारी की तरह पूरे देश में फैलता जा रहा है। कानूनी रूप से तो यह गलत है ही नौतिक रूप से भी गलत है। मोब लीचिंग का कारण सामाजिक भेदभाव, सोशल मीडिया के माध्यम से फैली झूठी और भ्रामक खबरें एवं कानून के प्रति जागरूकता की कमी है। मोब लीचिंक के निवारण हेतु सख्त कानून बनाने एवं भारतीय दंड संहिता में संबोधन कर मोब लीचिंग को दंडनीय अपराध घोषित करने की जरूरत है। मोब लीचिंग अमानवीय व्यवहार के रूप में समाज में उभर कर सामने आया है एवं समय के साथ ये घटनायें बढ़ती जा रही है। यह कानून का, अनुच्छेद 21, मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है।

सामाजिक भेदभाव की संकल्पना

सत्य प्रकाश यादव
शोधार्थी
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़,बिलासपुर

सामाजिक भेदभाव से तात्पर्य समाज मे व्याप्त सुविधाएँ, संसाधन विभिन्न परिस्थितियों का असमान रूप से वितरण है। हम जानते है कि हमारे आसपास प्रत्येक वस्तु, प्राणी सभी मे भेदभाव जैसी भावनाएं रहती है, क्योंकि यह हमारे व्यक्तिगत अनुभव पर निर्भर करता है ,कि हम आपस मे व्यक्तियों के बीच सामाजिक सद्भाव रखे या भेदभाव कर अपने रिश्तों मे तनाव रखे। सामाजिक भेदभाव का कारण व्यक्ति का अपनी वर्तमान स्थिति मे असंतुष्ट होना है, जब भी कोई व्यक्ति अपनी वर्तमान स्थिति से असंतोष रखता है वह न आगे बढ पाता है न दूसरो के बढने से खुश रह पाता है। इसलिए सामाजिक भेदभाव जैसी परिस्थितियां निर्मित हो रही है और हम समाज परिवार से अलग सामाजिक भेदभाव की भावना को आपसी रिश्तों में हावी होने दे रहे है। हमें मिलकर सामाजिक भेदभाव को दूर करने हेतु दृढ़ संकल्पित होना होगा और यह हमारी शिक्षा व्यवस्था और हमारी स्वयं के आत्मविश्वास से सम्भव हैं।

लिंग भेद

डॉ. सूचि चौधरी
सहा. प्रध्यापिका मनोविज्ञान
डी.पी. विप्र कॉलेज बिलासपुर (छ.ग.)

गायत्री वर्मा
सहा. प्रध्यापिका मनोविज्ञान
डी.पी. विप्र कॉलेज बिलासपुर (छ.ग.)

सारांश

"विभिन्नता में एकता भारत की विशेषता" भारत विभिन्नताओं से भरा एक देश है। कालान्तर में इन विभिन्नताओं ने जहाँ एक ओर सुदृढ़ समाज की नीव डाली है वहीं दूसरी तरफ इन विभिन्नताओं के कारण उभरी विकृतियों ने समाजिक एकता को छिन्न–भिन्न कर दिया है और इन्हीं विकृतियों में से एक विकृति है लिंग भेद।

लैंगिक भेदभाव के कारण आज पूरा समाज दो भागों में विभाजित हो गया है। पुरूष प्रधान समाज में नारी अपनी आवश्यकताओं व अधिकारों के लिए संघर्ष करती चली आ रही है। आज भी इस विकसित समाज में नारी की संघर्ष यात्रा जारी है आज नारी अपने सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, मनोवैज्ञानिक धरातल पर संघर्षरत है।

प्रस्तुत अध्ययन में मैंने नारी को अपने अस्तित्व को बचाने के लिए इन धरातलों पर स्पष्ट करने का प्रयास किया है।

सामाजिक भेदभाव के प्रति पत्रकारिता एवं सोशल मीडिया की भूमिका

मंजू कुजूर
गुरूघासीदास विश्वविद्यालय कोनी बिलासपुर (छ.ग.)

सामाजिक भेदभाव विभिन्न रूपों में समाज में उपस्थित है। जैसेः– जातिगत भेदभाव, लैंगिक वर्ण आधारित इत्यादि। आज समाज में जितने भी भेदभाव हैं, वह एक–दूसरे को नीचा दिखाने का प्रयास है।

सामाजिक वर्गीकरण से मानव सभ्यता का विकास हुआ और मनुष्य बस्तियों में रहने लगा तब से समाज स्थापित हुआ, इसका मुख्य कारण यह था कि शुरू में मनुष्य का ज्ञान ज्यादा विकसित नहीं था, संचार के साधन सुलभ नहीं थे, जिससे विभिन्न प्रकार की सभ्यताओं से लोग सम्पर्क में नहीं थे। जहाँ गरीबी, अशिक्षा ज्यादा थी, वहाँ इसका प्रतिकूल प्रभाव अधिक था परन्तु जैसे–जैसे देश में लोकतंत्र स्थापित होने लगा और विज्ञान, टेक्नोलॉजी, औद्योगिकीकरण बढ़ने लगा वैसे–वैस समाज से कुप्रथाएँ कम होने लगी। किन्तु समाज में लोग अपनी पुरानी सोच में बदलाव नहीं करना चाहते। अतः आज भी समाज में भेदभाव है, और जब तक मानव सभ्यता है, यह भेदभाव आगे भी जारी रहेगा, बस उसका स्वरूप बदलेगा, क्योंकि यह स्वतः उत्पन्न संरचना है, जो कि केवल मनुष्य के स्वभाव से निर्धारित होती है।

आज मीडिया हमारे चारों तरफ मौजूद है, तो निश्चित ही मीडिया का प्रभाव हमारे ऊपर तथा हमारे समाज पर पड़ेगा, इसी तरह से शुरूआत के दिनों में पत्रकारिता हमारे देश में एक मिशन के रूप में जन्मा, जिसका उद्देश्य सामाजिक चेतना को और अधिक जागरूक करना था, तब देश में

युवाओं की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनैतिक आजादी के लिए संघर्षमयी पत्रकारिता को देखा गया। जब भी मीडिया और समाज की बात की जाती है तो मीडिया को समाज में जागरूकता उत्पन्न करने वाले साधन के रूप से देखा जाता है, जो कि लोगों की सही व गलत करने की दिशा में प्रेरक का कार्य करता नजर आता है और एक सफल लोकतंत्र वही है जहाँ जनता जागरूक होती है।

'' भारत में सामाजिक भेदभाव एवं ट्रांसजेण्डर ''

रितु चंद्राकर
शोधार्थी
टिंकु प्रसाद शर्मा
शोधार्थी

विभिन्नता में एकता की संकल्पना भारतीय समाज की मूलभूत विशिष्टता हैं। प्राचीन काल से ही भारतीय समाज में विभिन्न वर्णो, जातियों, एवं सम्प्रदायों की उपस्थिति भिन्न–भिन्न रुपों में विद्यमान रही है। इन विभिन्नताओं ने एक समरस भारतीय समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है तथा यह विश्व में भारत की पहचान का महत्वपूर्ण स्तम्भ रही है। कालान्तर में इन विभिन्नताओं ने जहाँ एक तरफ संगठित एवं सुदृढ़ समाज की नींव डाली वहीं दूसरी ओर इनमें उभरी विकृतियों ने सामाजिक एकता को छिन्न–भिन्न कर दिया।

वर्तमान भारत में सामाजिक भेदभाव कई स्तरों पर उभरा है , जिनमें लैंगिक भेदभाव भी है। लैंगिक भेदभाव के कारण सम्पूर्ण समाज दो भागो में विभाजित हो गया है तथा एक तीसरा लिंग भी समाज में विद्यमान है। जिसे हम ''ट्रांसजेण्डर '' कहते हैं। हिन्दी में आज इन्हे किन्नर कहा जाता है। किन्नरों को ''यूनक'' कहा जाता था। यूनक का अर्थ लिंग परिवर्तन के बाद पुरुष से स्त्री हुई किन्नर के संदर्भ में लिया जाता था। यानि एक ऐसा पुरुष जिनका लिंग भेद हुआ हो।

15 अप्रेल 2014 को सुप्रीम कोर्ट ने किन्नरो को तीसरे लिंग के रुप में कानूनी पहचान दी। न्यायलय ने उन्हे सम्मान से जीने के लिए ये अधिकार दिये है साथ ही अपने जीवन जीने के बारे में निर्णय लेने का अधिकार भी दिया है। संविधान के '' अनुच्छेद 14 '' में कानून के समक्ष समानता की बात कही गई है। '' अनुच्छेद 15 '' में किसी लिंग के आधार पर भेदभाव प्रतिबंधित है। एवं संविधान के '' अनुच्छेद 17 '' में छुआछूत का निषेध किया गया है।

प्रत्येक मनुष्य की तरह ही किन्नर समुदाय की भी आंकाक्षाएँ होती है। इनका भी अपने विपरीत लिंग के प्रति आकर्षण होता है। इनके अंदर भी विवाह करने की चाह होती है। किसी के साथ सुचारु रुप से जीवन–यापन करने की इच्छा होती है लेकिन इनकी लैंगिक विकलांगता एवं परपंरागत कार्य के कारण इन्हे हेय समझा जाता रहा है जिसके कारण ये अकेले ही अपना जीवन–यापन करते है।

सामाजिक भेदभाव की समस्या केवल भारत में ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व में पायी जाती है। सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए भारत में समय–समय पर विभिन्न विचारको, समाज सुधारको का योगदान है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् समाज में शैक्षणिक , सामाजिक , आर्थिक स्तर में एक बड़ा परिवर्तन हो चुका है। इसके बावजूद विभिन्न क्षेत्रों–स्तरों पर सामाजिक भेदभाव की खाई और गहरी होते हुए '' मॉब लिंचिग '' के रुप में परिवर्तित हो रही है जो देश की एकता एवं अखण्डता के लिए गंभीर खतरा है। यह चिन्तनीय एवं विचारणीय है।

मॉब लिंचिंग

सुचि चौधरी
शोधार्थी
पं. सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

"भीड़ हत्या" ये शब्द सुनने में जितना भयावह है उससे ज्यादा भयावह इसके परिणाम है। घर वापसी, बच्चा चोरी, गौ रक्षा, आत्मरक्षा के नाम पर समुदाय विशेष के खिलाफ लंबे अरसे से बहुसंख्यकों के मन में बैठाई जा रही बातें अब हिंसा का रूप ले रही है। हमारे बड़े–बुजुर्ग कहते थे कि समूह में रहेंगे तो सुरक्षित रहोगे पर अब यही समूह भीड़ में बदल गया है और भीड़ को उग्र रूप लेने में समय नहीं लगता। भीड़ का हिस्सा होने में डर लगने लगा है, अब हर व्यक्ति खुद को भीड़ में असुरक्षित समझता है।

भीड़ के उग्र होने के कई कारण है, ऐसी कई वजह है जिससे भीड़ उन्नमादी भीड़ में बदल जाती है और यह उन्नमादी भीड़ एक भीड़ तन्त्र में बदल जाती है और यह तंत्र अफवाह के चलते झटपट न्याय करना अपना अधिकार समझता है। मैंने अपने पेपर में कुछ मनोवैज्ञानिक, समाजिक, राजनीतिक कारणों को स्पष्ट करने की कोशिश की है।मॉब लिचिंग की पहली घटना 4 मार्च 1891 में अमेरिका के लुसियाना राज्य में लोकल जेल में हुई थी। भारत में पहली मॉब लिचिंग की घटना 5 मार्च 2015 में नागालैण्ड के दीमापुर राज्य में हुई थी जहाँ एक इंजीनियर को बलात्कार के शक में 7000 से 8000 लोगों की भीड़ ने जेल से बाहर खींचकर उसके कपड़े उतरवाकर परेड कराई फिर उसे मार डाला, पुलिस भी भीड़ के आगे मजबूर हो गई थी। मॉब लिचिंग में भीड में इतने ज्यादा लोग होते हैं कि यह पता नहीं लगता कि किसे मार रहे हैं? कौन–कौन मार रहा है? किसने लात मारी, किसने मुक्का मारा यानी असली अपराधी तक पहुँच पाना मुश्किल है। कुछ ना कुछ मारते रहते हैं जिससे हममें संवेदना की कमी होती जा रही है और हम रोबोट या अमानवीय होते जा रहे हैं इसी वजह से हमारे अंदर गुस्सा पैदा होता है और फिर उन्नमादी भीड़ में हौसला बढ़ जाता है और घटनाएँ घट जाती है।

SOCIAL DISCRIMINATION :- NATURE, CAUSE, AND PREVENTION

Dolly Wallace

Dept. of Education Dept.

GGV Bilaspur

Discrimination is when some one is treated unfairly or differently because the person is one of a particular group. Today we still are facing lots of problem with discrimination. Our anciestor politican tried to make a constitution to make this all problem solution but at present still we see this problems in our surrounding and environment. Most of the causes of that discrimination and racism is given by fear of difference, through ignorance or because people want to be cruel and show that they are stronger. Consequences and effects that appear due to racism and discrimination in some cases from depression, exclusion will even suicide in extreme cases. A person might be discriminated against

because of their race, age ,sex, politics, sexual orientation, gender identity religion look, criminal record, life style clothing disabilities and many other reasons. It can be direct discrimination, indirect discrimination, harrasement , boycott, segregation, discriminatory violence. As a county we are secular, diverse and multi-lingual. India is long for discrimination with lower castes since long. Social interaction have been restricted among people of different castes. Causes of social discrimination is due to poverty, illiteracy, lack of employment facilities, social customs beliefs and practices, social attitude, lack of awareness of women. Prevention of social discrimination only possible by spreading knowledge, education, advertisement and not but least motivating people to love every other people and treat them like there own family.

''भारत में सामाजिक भेदभाव''

शोध निर्देशिका
डॉ. बीना सिंह
(विभागाध्यक्ष) शिक्षा संकाय
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि. छत्तीसगढ़
बिलासपुर छ.ग.

शोधार्थी
अमित चन्द्रा
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि.वि. छत्तीसगढ़
बिलासपुर छ.ग.

भारत विविधताओं का देश हैं, यहाँ अनादीकाल से ही अनेक जाति, धर्म एवं समुदाय के लोग निवास करते रहे है। प्राचीन काल में इन्हें चार वर्णो क्रमशः ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र में बांटा गया था, तथा इसी वर्णो के अनुरूप ही उनके कार्यो को बांटा गया था। समय के साथ–साथ विकास के दौर में आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन एवं सुधार लगातार होते रहें किंतु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो आजादी के लगभग सात दशक से भी ज्यादा वितने के पश्चात भी जातीगत भेद भाव और उत्पीड़न की जड़े अभी भी जमी हुई हैं इस दौरान भारत देश में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन देखने को मिलें है, राज्य, समाज और अर्थव्यवस्था का पूरा नक्शा ही बदल चुका है, लेकिन जाति व्यवस्था एक ऐसी बला है जिस पर तमाम परिवर्तनों का कोई खास असर देखने को नहीं मिलता है। जाति संरचना में इन तमाम बदलाओं के साथ सामंजस्य बनाते हुए अपने मूल प्रकृति को अभी भी कायम रखा हैं और आज भी पूरे भारतीय समाज पर हावी है।

बाबा साहेब अंबेडकर ने बहुत ही पहले कहा था कि जब तक आप सामाजिक स्वतंत्रता हासिल नहीं कर लेते कानून आपको जो भी स्वतंत्रता देता है वो आपके लिए बेमानी है। लेकिन दुर्भाग्य से हमारे समाज में वर्तमान में कोई भी इस व्यवस्था को सुधारने के लिए तत्पर नही है। जो जाति विनाश और सामाजिक भेदभाव को दूर करने की बात करता हो। सामाजिक मुक्ति की सारी लड़ाई 'पहचान' 'चुनावी गणित' और आरक्षण जैसे मुद्दो तक सिमट गई है। नतीजे के तौर पर हम देखते है कि 21वीं सदी में आर्थिक रूप से तेजी से आगे बढ़ रहा भारत सामाजिक रूप से अभी भी सदियों पीछे है।

सामाजिक न्याय के लिए समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया की भूमिका का अध्ययन

सुधीर कुमार उपाध्याय
शोध छात्र, जनसंचार विभाग कुशाभाऊ ठाकरे
पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर

डॉ. प्रमोद कुमार शुक्ल
व्याख्याता एकलव्य आवासीय
विद्यालय, जगदलपुर

संविधान के माध्यम से भारत देश अपने सभी नागरिकों को समानता का वादा करता है। सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक क्षेत्रों में अपने सभी नागरिकों को समानता के अधिकार की बात संविधान ने किया है। यह अवश्य झुठलाया नहीं जा सकता है कि अभी भी कई मामलो में असमानता देखी जाती है.। जाति, धर्म, लिंग, जातीयता इत्यादि आधार पर सामाजिक व्यवस्था में असमानता है। सूचना कांति के विस्फोट के बाद सामाजिक बदलावों में मीडिया की भूमिका लगातार बदली है। हाल के बरसों में बदलाव के इन औजारों में सोशल मीडिया भी शामिल हो गया है। छुआछुत, सामाजिक बहिष्कार, ऑनर किलिंग, टोनही प्रताड़ना जैसे मुददों पर चलाए गए मीडिया के अभियानों के चलते अब लोग इन्हें अपराध मानने लगे हैं और सरकारों को कानून बनाकर इस संबंध में अपना रूख स्पष्ट करना पडा है। सामाजिक असमानता के खिलाफ लडाई में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका है और सूचना का अधिकार इस लडाई में भी मीडिया का महत्वपूर्ण हथियार है।

भरत में वैदिक कालीन वर्ण व्यवस्था और समाजिक भेदभाव

डॉ. सरिता पाण्डेय
सहा. प्राध्यापक (हिन्दी)
शा. नवीन महाविद्यालय हसौद
जिला – जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

डॉ. माया यादव
सहा. प्राध्यापक (राजनीति)
शा. नवीन महाविद्यालय हसौद
जिला – जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)

भारत के सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन में वर्ण व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। वर्ण का सामान्य अर्थ है वरण करना रंग एवं वृत्ति के अनुरूप वरण का अर्थ है चुनाव करना अथवा व्यवसाय का निर्धारण करना इस अर्थ के अनुसार विद्वान वर्ण को व्यक्तियों का समूह मानते है ऋगवेद में आर्य तथा दश्यु में अंतर स्पष्ट करने के लिये वर्ण शब्द का प्रयोग हुआ है जिन व्यक्तियों का स्वभाव समान होता है उनसे ही वर्ण का निर्माण हुआ है किन्तु इन सब धारणाओं में वर्ण का अर्थ स्पष्ट नही होता, गीता में श्री कृष्ण जी ने एक स्थल पर कहा है मैने गुण और कर्म के आधार पर चार वर्णो का निर्माण किया है पुराणों में भी अनेक स्थानो पर ब्राम्हण, क्षत्रीय, वैश्य, क्षुद्र को क्रमषः शुक्ल, रक्त, पित्त और कृष्ण कहा है। प्राचीन समाजिक विभाजन ब्राम्हण क्षत्रीयों वैश्यों और क्षुद्रो में था जिसका अंतर निहित उद्देश्य समाजिक संगउन संवृध्दि सुव्यवस्था को बनाये रखना था। प्राचीन आदर्श वर्ण व्यवस्था यद्यपि आज पुर्णतया विक्रित हो चुकी है और आज इसका समाज में कोई अस्तित्व नहीं है। चारो वर्णो में ब्राम्हण और क्षत्रीय को लगभग समान्य महत्व दिया जाता है।

वर्ण व्यवस्था का आधार जन्म अथवा कर्म यह एक बड़ा ही विवादास्पद विषय है। यदि हम वर्ण व्यवस्था का विश्लेषण करते है तो पता चलता है कि वे तो राष्ट्रोथान, समाजोथान एवं आत्मनोथान की बहुत सुन्दर व्यवस्था है क्यो कि वर्तमान में हम देखते है कि जो व्यक्ति जिस कुल में पैदा हो जाता

है वह सदा उसी कुल का माना जाता है जबकी वर्ण व्यवस्था में इसकी विपरीत व्यवस्था है यहा जन्म से वर्ण प्राप्त नही होता अपितु कर्म से प्राप्त होता है। क्षुद्र भी यदि प्रयत्न करके अध्ययन अध्यापन करता है तो सामाज में उच्च वर्ण प्राप्त कर सकता है, इसके विपरीत यदि ब्राम्हण भी शुद्र का कार्य करता है तो वह क्षुद्र वर्ण प्राप्त हो जाता है। यहा वर्ण इसके कर्म व प्रयत्न से प्राप्त होता है। जिसके कारण परस्पर निरंतर प्रतिस्पर्धा होती थी और समाज का सर्वांगिण विकास होता था इस प्रकार गुण कर्म के अनुसार हमारे यहा वर्णो का विधान है, गुण कर्म ही आदर तथा उच्चता के माप दंड है गुण ही व्यक्ति को सामाजिक सम्मान दिलाता है जो व्यक्ति वेदो का अध्ययन करें, सुचिता का पालन करे, मानव कल्याण में रत हो, व जिसकी वृत्ति सात्विक हो वह ब्राम्हण है। इस प्रकार स्पष्ट है कि एक स्वस्थ समाज में गुण का अत्यंत ही महत्वपूर्ण स्थान है जिसमें व्यक्ति अपने प्रतिभा के बल पर समाज में उच्च स्थान प्राप्त कर सकता है। इस प्रकार समाज में व्याप्त भेद भाव स्वतः ही समाप्त हो जाता है।

सामाजिक न्याय और गांधी की पत्रकारिता

डॉ. अख्तर आलम
सहायक प्राध्यापक, जनसंचार विभाग,
महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी वि.वि., वर्धा

गांधी और गांधी का दर्शन दोनों ही अन्याय और शोषण की समाप्ति शांतिपूर्ण व अंहिसात्मक उपाय द्वारा करने को प्रतिबद्ध हैं, और गांधी ने यही किया भी। पीड़ित और पिछड़े वर्ग के लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए गांधी ने हरिजन नाम की पत्रिका का प्रकाशन प्रारंभ किया था. सामाजिक न्याय के लिया आज भी आन्दोलन जारी है. दरअसल औद्योगिक क्रांति के समय से श्रमिकों के प्रति पूंजीपतियों के शोषण के विरोधस्वरूप इस अवधारणा का विकास हुआ था। सामाजिक न्याय की अवधारणा उसी पर आधारित है। उन्नीसवीं सदी के प्रारंभ में उपनिवेशी शासन के खिलाफ़ विश्व के विभिन्न प्रांतों में आवाजें उठीं और नए–नए स्वाधीन राष्ट्रों की स्थापना हुई। लेकिन गांधी इसका उपाय चरखा, खादी, गांधी टोपी तथा संचार के माध्यम के रूप में देखते थे और यह प्रतीक आज भी समाज को एक जुट करने एवं सबको समान अधिकार का सन्देश देता है।

समाज का हर तबका चरखा चलता था, खादी के कपडे पहनता था, गांधी टोपी लगता था तथा जो कुछ भी गांधी जी से संचारित होता था उसे मानता था. हालाँकि गंदी का संचार द्वि–चरणीय नहीं था फिर भी समानता, समरसता और सामाजिक न्याय करता था. चार्निया नही था, गांधी कहते थे और जनसमूह उसे मान लेता था तथा अमल करता था. गांधी जी ने 'इंडियन ओपिनियन' का संपादन भी भारतीय मूल के लोगों को स्वतंत्र जीवन का महत्व समझाने के उद्देश्य से किया था।

भारत में लोकतंत्र एवं जातिवाद

डॉ. श्रीमती रीना तिवारी
विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग,
डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

श्रीमती श्वेता चतुर्वेदी
शोध छात्रा (शोध छात्रा)
डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

भारतीय लोकतन्त्र में सबसे ज्यादा विघटनकारी तत्वों में जातिवाद का प्रमुख स्थान है। प्राचीन भारतीय समाज में सामाजिक सरंचना तथा सामाजिक व्यवस्था वर्ण, कर्म, धर्म के सिद्धान्त पर आधारित थी। इन सभी सिद्धान्तों का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं था। अपितु ईश्वरीय मान्यताओं पर आधारित थी यही वर्ण व्यवस्था आगे चलकर परिवर्तित होते गई तथा धीरे–धीरे जाति व्यवस्था के रूप में आ गई। जिसने सम्पूर्ण भारतीय समाज को अंगणित छोटे–छोटे आत्म केन्द्रित टुकड़ों में विभाजित कर दिया फलस्वरूप राष्ट्रीयता के मार्ग में अनेक बाधायें उत्पन्न हो गई। किसी भी राष्ट्र के विकास में एकता, भाईचारा, राष्ट्रीयता की भावना, स्वतन्त्रता, समानता का होना आवश्यक है। वहीं पर जातिवाद के अन्तर्गत व्यक्ति अपनी जाति तथा धर्म तक ही केन्द्रीत हो जाता है जिसका परिणाम निरन्तर सामाजिक संघर्ष तथा सामाजिक विघटन के रूप में सामने आता है। यहां पर यह स्पष्ट करना आवश्यक होगा, कि जाति व्यवस्था तथा जातिवाद दोनों भिन्न अवधारणायें हैं।

"भारत में जाति व्यवस्था एक सामाजिक तथा सांस्कृतिक संस्था के रूप में मान्यता रही है। जिसके द्वारा समाज में प्रत्येक व्यक्ति की सामाजिक स्थिति, व्यवसाय, तथा पारस्परिक संबंधों का निर्धारण जन्म के आधार पर होता था "।

भारत में वैदिक कालीन वर्ण व्यवस्था और सामाजिक भेदभाव

दीपक कुमार कश्यप, छात्र
कांशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

भारत के सामाजिक इतिहास में वर्ण व्यवस्था का महत्वपूर्ण स्थान है ,जो सामाजिक विभाजन के रूप में वैदिक काल से आज तक निरंतर प्रवाहमान है । वर्ण व्यवस्था भारतीय समाज व्यवस्था का मुख्य अंग है रामराज्य जिसकी कल्पना आज भी की जाती है, उसके मूल में वर्ण व्यवस्था ही थी। भारत में परंपरागत वर्ण व्यवस्था के मुख्य दो आधार है। प्रथम किसी वर्ण विशेष में मनुष्य का जन्म उसके गुण और कर्म का सम्मिलित फल हैं और दूसरी और उनका धर्म इस प्रकार निर्धारित है कि अपनी सीमाओं के अंतर्गत रहते हुए भी व्यक्ति सकर्मों के द्वारा अपने भविष्य तथा गुण को बदल सकता है। वर्ण व्यवस्था के अंतर्गत जातिगत वर्ग तथा सामाजिक संरचना के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वाभाविक गुणों के अनुरूप स्थान मिलता है। श्री कृष्ण ओझा के अनुसारः– "इस व्यवस्था के अंतर्गत कर्म का प्रधान स्थान है तथा प्रत्येक वर्ण का अपना विशिष्ट कर्तव्य है यह नियम और कर्तव्य वर्णों के नैतिक कर्तव्य या वर्ण धर्म के नाम से विख्यात है।" सामान्य रूप से ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इन चारों वर्ण का अपन–अपना काम निर्धारित था।

प्रारंभ में शुद्र वर्ण के अंतर्गत विजित अनार्य रखे गए थे, इन्हें निम्नतम समझते हुए भी आर्यों ने अपने सामाजिक व्यवस्था के अंतर्गत इन्हें स्थान दिया था । और इस प्रकार समाज के शारीरिक सममूल्य आवश्यकताओं की पूर्ति की टीस शूद्रों पर सवर्ण जातियों के सेवा कार्यों का भार डाल कर व्यवस्थाकारों ने ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य वर्ण को अपेक्षाकृत निश्चिन्त बना दिया था । जिससे भी समाज की अन्य उच्चतर आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके । शुद्र वर्ण व्यवस्था अंतर थी अपनी जीविका हेतु उसे दो जातियों पर निर्भर रहना पड़ता था ।

वर्ण विभाजन से समाज में जाति व्यवस्था का अस्तित्व है । आज हमारे समाज में कई जातियों का अस्तित्व है, जाति व्यवस्था के कारण ही जातिवाद की गंभीर समस्या ने अपना रूप धारण कर लिया है। जातिवाद के कारण उच्च वर्ग के लोग दलित वर्ग छुआछूत का भेदभाव करते हैं। आज के परिवर्तित समय में व्यक्ति की सोच में भी निरंतर बदलाव आ रहा है। शहरीकरण, व्यक्तिवाद, आर्थिक समस्या तथा व्यक्तिगत स्वार्थ जैसे कई कारणों से परिवारिक समस्या बढ़ने लगी है। आज के समय में जाति व्यवस्था का स्वरूप निश्चित रूप से बदला हैं, लेकिन आज के ग्रामीण समाज में आज भी यह व्यवस्था व्याप्त है, जो कि निश्चित ही सामाजिक विकास में बाधक सिद्ध होगा।

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अँचल में सामाजिक भेदभाव के प्रति सोशल मीडिया की भूमिका पर अध्ययन (वाट्स एप के विशेष संदर्भ में)

डॉ.आनंद पहारिया (सह--प्राध्यापक)
खूबचंद साहू (तकनीकी सहायक)
एमिटी विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, रायपुर

शोध सार

मनुष्य को सामाजिक प्राणी कहा जाता है। संचार करना मनुष्य का स्वभाव है, जिसके कारण वह अपने आप को समाज के साथ जोड़ कर रख पाता है। सामाजिक प्राणी होने के कारण व्यक्ति के सोच और संचार का प्रभाव पुरे समाज को प्रभावित करता है। भिन्न धर्म,जाति, सम्प्रदाय,वर्ण विविधता के साथ भारत धर्म निरपेक्ष राष्ट्र है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विधायिका, न्यायपालिका, कार्यपालिका के बाद मीडिया को चतुर्थ स्तंभ कहा जाता है। भारत में पत्रकारिता का उद्देश्य समय के साथ बदल गया है। आधुनिक बदलाव ने पत्रकारिता के माध्यम को भी बदल दिया। 90 के दशक के बाद मोजो (मोबाइल जर्नलिज्म) ने हर व्यक्ति को पत्रकार बना दिया। मोजो व सोशल मीडिया के द्वारा प्रदत्त मंच ने हर उपयोग कर्ता को अपने स्वतंत्र विचार, अभिव्यक्ति को प्रेषित करने लिए सहजता व स्वतंत्रता दी है। आधुनिक होने और सहजता से उपलब्ध होने के कारण सोशल मीडिया वर्तमान में सशक्त माध्यम है । सोशल मीडिया का उपयोग एक तरफ जहाँ समाज के विकास में सहायक है, वही इसका दुरुपयोग समाज को गर्त में भी ले जा सकता है। प्रस्तुत शोध पत्र में सामाजिक भेदभाव के प्रति सोशल मीडिया की भूमिका का अध्ययन किया जा रहा है।

संकेत शब्द : सामाजिक भेदभाव, संचार, पत्रकारिता, मीडिया, सोशल मीडिया, मोजो।

MOB LYNCHING IN INDIA - PROBLEMS AND ISSUES

VIDHI SHAMBHARKAR
Assistant Professor, (Law)
Guru Ghasidas Central University, Bilaspur(CG)

Lynching is a premeditated extrajudicial killing by a group. It is most often used to characterize informal public executions by a mob. In india nowadays it become a trend and a very serious problem. So many cases about that we are hearing today. The rule of Law is the soul of India's constitution and laws. But for such reasons those native Indians who have not had their self esteem crushed from them by the Indian Republic, take the Law into their own hands. Now it has taken a political thought and people are using it for their own advantages. You can refer to a group of people as lynch mob if they are very angry with someone because they believe that person has done something bad or wrong. Now mob lynching is became a big danger for our Law an Order and our society. The theme of our preamble(Indian Constitution) says the term "we the people of India" and with this kind of activities our nation's strength and brotherhood is highly affected. Mob lynching in India is apparently having started to threaten the social and economic fabric of the country. In this paper we'll discuss about this problem and analyiz the harmful effects.

KEYWORDS- Mob Lynching, Extrajudicial, Indian Republic, Law and Order, Indian Constitution

---

आरक्षण से जन्मा वैचारिक मतभेद एवं सामाजिक अस्पश्यता

किरण पाटले
एम.एड. तृतीय सेमेस्टर
गुरू. घासीदास. वि. वि. बिलासपुर (छ.ग.)

भारतीय संस्कृति विश्व के सबसे समृद्ध संस्कृति में से एक मानी जाती है। क्योकि भारत अनेकता में एकता के गुणो को सामाहित की हुई है। भारत में विभिन्न जाति धर्म सम्प्रदाय भाषा के लोग निवासरत है, जिनके अपने अलग–अलग जीवन शैली, मूल्य, आस्था व विश्वास है ज्ञात हो कि वर्तमान में यदि कोई समुदाय की स्थिति उन्नत है। वह उनके पूर्वजों को प्राप्त अवसर, स्वतंत्रता, संयोग का परिणाम होती है, यदि इतिहास पर जाये तो ज्ञात होगा स्वतंत्रता पूर्व भारत में स्त्री व पुरूष के कार्य का विभाजन (अध्यात्म, शिक्षा, युद्ध, व्यवसाय, कृषि, सेवा कार्य, विवाह) वर्ण व्यवस्था पर आधारित थी। इस वर्ण व्यवस्था में शूद्रों को कई हजार सालों तक शिक्षा व स्वतंत्रता से वंचित रखा गया। एक ओर शिक्षित वर्ण तेजी से प्रगति की वही दूसरी ओर अशिक्षित वर्ण सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक क्षेत्रों में पिछड़ते गये। स्वतंत्रता पश्चात् भी शूद्रों के साथ सामाजिक भेदभाव व अपमान जारी रहा तब भारतीय संविधान में असमानता को दूर करने व जीवन स्तर को ऊँचा उठाने हेतू विशेष वर्ग (अनु. जाति व अनु. जनजाति) को दस वर्ष की आरक्षण व्यवस्था को लागू किया। आज के वर्तमान परिपेक्ष्य में आरक्षण राजनैतिक दलो को वोट बैंक का मूद्दा बन गया है, जिससे आरक्षण के मूल भावना की

उपेक्षा हुई, इसके अलावा आनारक्षित वर्ग व आरक्षित वर्ग के मध्य आरक्षण मुद्दे पर वैचारिक मतभेद ने जन्म लिया। जिसका प्रभाव पूनः अस्पृश्यता पूर्ण व्यवहार, जीवन शैली में परिलक्षित होने लगा। आरक्षण एक सकारात्मक पहल है परन्तु इसके दुरूपयोग भी हुये। तद्नुसार आरक्षण से सामाजिक अस्पृश्यता बढ़ी या कम हुई लेखिका इन बिन्दुओं पर प्रकाश डालना चाहती है।

मुख्यबिंदु– आरक्षण, समाजशास्त्रीय सिद्धांत, सामाजिक भेदभाव, भारतीय संविधान, मनोविज्ञान।

भारत में जाति, वर्ग विभेद एवम् समाजिक सद्भाव के प्रयास

अभिषेक अग्रवाल
शोध छात्र इतिहास विभाग
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

डॉ. श्रद्धा गर्ग
सहायक प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र विभाग)
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

भारत में वर्ण, वर्ग तथा जाति व्यवस्था ऐतिहासिक काल से विद्यमान हैं। वर्ग विभेद के दो पुराने छोर आज भी समाज में नए रूप में सक्रिय हैं। हमारे समाज में दलितों की सांस्कृतिक भागीदारी पहले तो निषिद्ध थी ही, वह आज भी निषिद्ध है। यह जरूर है कि इस निषेध ने दूसरा रूप ले लिया है।

ऋग्वैदिक काल से ही समाज में वर्ण व्यवस्था तथा वर्ग विभेद विद्यमान था, किन्तु यह अपने जटिल रूप में उत्तर वैदिक काल तथा उसके बाद के काल में आया। यद्यपि गुप्त काल के पश्चात् उसमें कुछ हद तक शिथिलता आयी। प्राचीन समय से लेकर अब तक विभिन्न समाज सुधारकों द्वारा परम्परागत वर्ण–व्यवस्था तथा जाति व्यवस्था को दूर करने का सार्थक प्रयास किया। इनमें सर्वप्रथम नाम गौतम बुद्ध का आता है, इन्होंने मानव मात्र की समानता तथा सामाजिक सद्भाव का सन्देश जनता तक पहुंचाया। इसी क्रम में मध्यकाल में भी विभिन्न सूफी सन्तों तथा भक्ति आन्दोलन के दूत रामानन्द, कबीर, नानक आदि सन्तों ने जाति प्रथा का विरोध किया तथा निम्न जाति के उत्थान के लिए कार्य किया। इसी प्रकार आधुनिक काल में भी राजा राममोहन राय, दयानन्द सरस्वती, स्वामी विवेकानन्द, महात्मा गांधी, बाबा साहब अम्बेडकर ने सामाजिक समानता के लिए प्रयास किया तथा उनके प्रयासों के परिणामस्वरूप ही संविधान में समाज के शोषित वर्गों के लिए उपबन्ध किये गए हैं।

यद्यपि समय–समय पर विभिन्न समाज सुधारकों द्वारा मानव मात्र की समानता तथा सामाजिक सद्भाव का सन्देश दिया किन्तु फिर भी वे पूरी तरह इस विभेदकारी समाज को बदलने में नाकाम रहे। भारत में शताब्दियों से अस्पृश्य जातियाँ रहीं हैं। विभिन्न धार्मिक सुधार आन्दोलनों द्वारा इस घृणित सामाजिक कुरीति के समाधान हेतु प्रयास किए गये, किन्तु उनका प्रभाव अपूर्ण, अस्थायी सिद्ध हुआ और जाति व्यवस्था, अस्पृश्यता किसी न किसी रूप में आज भी विद्यमान है।

वर्तमान समय की यह आवश्यकता है कि समाज से इस वर्ग–विभेद, जाति–व्यवस्था तथा अस्पृश्यता को दूर करने का कार्य किया जाए तथा सामाजिक समानता के प्रयास किए जाएँ।

सामाजिक न्याय का महत्व

डॉ. श्रीमती सुनीला एक्का
सहायक प्राध्यापक (राजनीति शास्त्र)
शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)

वैदिक कालीन समाज में व्यक्तियों की प्रस्थिति उसके गुण एवं कर्म पर आधारित थी, किन्तु उत्तर वैदिक काल में इसमें गिरावट आई और गुण कर्म नहीं, बल्कि जन्म के आधार पर लोगों की प्रस्थिति तय की जाने लगी। इसके पश्चात् मुगलकाल तथा ब्रिटिश काल में कुछ सामाजिक विधान बनाए गए, जिससे सामाजिक कुरीतियों को दूर किया जा सकें। स्वतंत्रता के पश्चात् भी ऐसे ही विधान लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए बनाए गए।

सामाजिक न्याय से तात्पर्य समानता के आधार पर पुरस्कार तथा ट्रेंड की व्यवस्था से है। समाज बिना किसी जाति–पांत, वर्ग–भेद और लिंग भेद के व्यक्तियों के गुणों के आधार पर यदि प्रस्थितियों का वितरण करता है, तो उसे हम सामाजिक न्याय कह सकते हैं। सामाजिक न्याय की भावना के कारण ही समाज में निर्बल और सशक्त व्यक्ति एक साथ रहकर अपना–अपना जीवन यापन कर पाते हैं।

सामाजिक न्याय का महत्व

सामाजिक न्याय भारतीय संविधान की नींव का पत्थर है। स्वतंत्रता के पश्चात् एक ऐसी विधान की जरूरत समझी गई, जिससे लोगों को सामाजिक न्याय प्राप्त हो सके। इस कार्य के लिए दलित एवं उपेक्षित वर्ग से संबंधित डॉ. बी.आर. अंबेडकर को चुना गया, जिन्हें भारतीय संविधान में प्रारूप समति के अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया। डॉ. अंबेडकर ने प्रमुख शिल्पी के रूप ऐसे संविधान का निर्माण में विशेष योगदान दिया, जिससे उपेक्षित वर्ग को भी समानता का अवसर मिल सकें।

सामाजिक समानता के अग्रणी दूत - स्वामी विवेकानन्द

अंजली
एम.ए. (इतिहास)
गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

स्वामी विवेकानन्द (1863–1902) भारत की एक महान आत्मा थे, जिनके प्रति वर्तमान पीढ़ी ऋणी है और भावी पीढ़ी सदैव ऋणी रहेगी। स्वामी विवेकानन्द ने अपने कर्मठ और तेजोमय जीवन तथा गहन आध्यात्मिक, सामाजिक एवम् राजनीतिक विचारों की छाप विदेशों तक छोड़ दी। वह संसार के लिए एक ऐसी संस्कृति की परिकल्पना करने थे जिसमें पश्चिम का भौतिकवाद तथा पूर्व का आध्यात्मवाद का ऐसा सामंजस्यपूर्ण सम्मिश्रण हो जाएगा, जो समस्त संसार को प्रसन्नता देगा।

स्वामी विवेकानन्द जी का आध्यात्मिक चिंतन वैचारिकी और मानववादी दर्शन अन्य विचारकों से बहुत भिन्न है। उनका मत है कि व्यक्ति समाज की इकाई है, उसे मानव प्रेमी होना चाहिए फिर व्यक्ति–व्यक्ति में दूरी, अलगाव, भेद, द्वेष और घृणा कैसी। उनका कहना था कि "मनुष्य–मनुष्य में कोई भेद नहीं, इस षिक्षा को समझाने का उनका ढंग यह था कि मनुष्य मानो, केवल तकिए का गिलाफ हैं। गिलाफ जैसे भिन्न–भिन्न रंग और आकार के होते हैं, वैसे ही मनुष्य भी कोई सुरूप, कोई कुरूप, कोई साधु, कोई दुष्ट होता है, बस इतना ही अन्तर होता है। पर जैसे गिलाफ में एक ही पदार्थ कपास भरा होता है, उसी के अनुसार, सभी मनुष्यों में वही एक सच्चिदानन्द भरा हुआ है।" वे मानते थे कि सभी जाति और वर्ग के व्यक्ति समान हैं तो सभी धर्म भी समान हैं।

स्वामी जी समाज को एक सावयव मानते थे। उनका विचार था कि "अनेक व्यक्तियों का समूह समष्टि (सम्पूर्ण) कहलाता है और अकेला व्यक्ति उसका एक भाग है। आप और हम अकेले व्यष्टि हैं समाज एक समष्टि है। "स्वामी जी का कर्मानुसार फल में गहन विश्वास था और इसलिए उन्होनें माना कि किसी विशेष समाज के व्यक्ति का जन्म उसके पिछले कर्मों के आधार पर होता है। स्वामी जी सामाजिक संगठन और सामाजिक मामलों में धर्म की उपस्थिति पसन्द नहीं करते थे और इसी कारण वे जात–पाँत, सम्प्रदायवाद और छुआछूत तथा सब तरह की विषमताओं के विरूद्ध थे। स्वामी जी ने अस्पृश्यता तथा रूढ़िवादिता की भर्त्सना की। स्वामी जी ने बाल–विवाह का विरोध, स्त्री शिक्षा का समर्थन, जाति प्रथा तथा पुराहितों के पुरातन अधिकारवाद का खण्डन कर सामाजिक समानता में विशेष योगदान दिया।

Sociological Aspects of Physical Activity

Bhoj Ram Rawte Shalini Menon Ajay Kumar Pandey

Assistant Professor, Dept. of physical education, GGV, Bilaspur (C.G)

We are living in an era where society, culture and science have become increasingly aware of the importance of physical activity and sport as a part of mass culture, individual health & social well - being. Physical activity level of people play a significant role much more in scientific interest regarding the way of life of contemporary society, process of managing healthy and active life style, quality of life and health in general. The indispensable role of physical activity in prevention of obesity in life of human mankind is scientifically confirmed and is established in numerous studies. Major population of youth & adulthood have entered the physical inactive lifestyle, which is due to lack of social behaviour & socialization process and this has lead to sedentary lifestyle. At present people face various habits in today's cultural settings. People tend to be more individualized, lack of interest in community activities, physically inactive lifestyle, and lack of active sport participation. The country Czech Republic is on the top level of massive sport participation, strongly influenced with the existence of new development of the structure of city, including fitness centres, roller skates stadiums, beach volleyball playing fields, golf courses. The support of sport over all nationwide is divided into different categories such as support of top sports, performance oriented sports and new waves in the field of sports (e.g. sports for all), sports for school, which are also conducted on the regional level (and by the various sport organizations) subsidized from other sources and, moreover, not co-ordinately.

Key Words: Physical activity, sport, obesity, society, socialization and built environment

LEGAL RECOGNITION OF TRANSGENDER PEOPLE IN INDIA – STRIVING FOR EQUAL RIGHTS

Disha Atri*

Transgender people are individuals of any age whose physical appearance, personal characteristics, or behavioural patterns deviate from the established norms which the society uses to determine one's gender. Transgender people have existed in every culture, race, and class since the story of human life has been recorded. Currently the term 'transgender' is used as a common term for various other kinds of identities, such as transsexuals, cross-dressers, inter-sexed individuals, etc. In India there are a number of socio – cultural groups of transgender people like hijras, kinnars, and other transgender identities like shiv-shaktis, jogtas, jogappas, Aradhis, Sakhi, etc. In a highly gender-biased society like ours, where the female – recognised and identified as a gender – are struggling to have equal rights, the possibility of having equal rights for the transgender people seems like a far fetched dream.

Apart from social stigma, they also come face to face with several ground realities, such as deprivation of social and economic rights, discrimination in education and employment, trafficking, etc. which is uncalled for any human. India has been struggling with creating a gender neutral environment for the population facing discrimination. Laws in India do not provide room for them to reaffirm their rights, howsoever significant they may be. The paper focuses on the present situation in the country regarding the recognition of rights of Transgender people and the legal status of the community, discussing the various legislations as well as certain decided cases.

समाज में प्रदत्त एवं अर्जित परिस्थितियाँ एवं सामाजिक भेदभाव

अनामिका तिवारी

वैदिक युग के काल में महिलाओं का समाज में बहुत आदर सम्मान था। उन्हें सामाजिक रुप से बौद्धिक रुप से एवं नैतिक रुप से पुरुषों के समान माना जाता था। उन्हें विवाह, शिक्षा से संबंधित पहलुओं पर निर्णय लेने की स्वतंत्रता थी। पर समय बदलता गया और मध्यकालीन युग तक आते आते महिलाओं की दशा खराब होती गयी।

मानव जाति के सृजन से लेकर विकास क्रम को चरमोत्कर्ष अवस्था तक पहुंचाने में महिलाओं की भूमिका पुरुषों की तुलना में कहीं अधिक है। परिवार, समाज, राजनीति, प्रशासन आदि सभी क्षेत्रों में महिलाओं के पूर्ण योगदान के बावजूद उनकी स्थिति द्वितीय श्रेणी की हो जाती है। हमारे देश में अभी भी जन्म से लेकर मृत्यु तक हर स्तर पर महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। यह हमारे समाज की दोहरी मानसिकता ही है कि एक पक्ष हमारे धर्म और संस्कृति में स्त्री को देवी स्वरुपा मानकर पूजता है लेकिन वहीं उनके व्यक्तिगत जीवन में एक इंसान के रुप में दर्जा देने के सवाल पर कतराते रहते हैं। इसका प्रमाण है कि सितंबर 2015 में संयुक्त राष्ट्र महासभा की उच्चस्तरीय बैठक में एजेण्डा 2030 के अंतर्गत 17 सतत् विकास लक्ष्यों को रख गया जिसमें भारत सहित 193 देशों ने स्वीकारा, महिला और पुरुष समाज के मूलाधार हैं। सुंदर और सुरक्षित समाज की वो नींव हैं जिसपर विकास रुपी इमारत बनाई जा सकती है।

DISCRIMINATION

Mamta Sahu
Ph.D. Scholar (Microbiology)
Dr. C.V. Raman University Kota, Bilaspur (C.G.)

In human social affairs, discrimination is treatment or consideration of, or making a distinction towards, person based on the group, class, or category to which the person is perceived to belong. These include age, colour, convictions for which a pardon has been granted or a record suspended, disability, ethnicity, family status, gender identity, genetic characteristics, marital status, nationality, race, religion sex, and sexual orientation.

Discrimination consists of treatment of an individual or group, based on their actual or perceived membership in a certain group or social category, "in a way that is worse than the way people are usually treated".

भारत में सामाजिक भेदभाव पर संवैधानिक हस्तक्षेप एवं विधिक उपचार

मोहम्मद वसीम अकरम मोमिन
सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान
श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय कोरबा (छ.ग.)

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, समाज में रहना उसका स्वभाव है। अपने इस स्वभाव के कारण ही मनुष्य अपने साथी अन्य मनुष्यों के साथ सम्बन्ध स्थापित करता है। यही सम्बन्ध मानव की क्रियाओं को नियन्त्रित एवं मर्यादित करते है। भारत में शताब्दियों से एक वर्ग विशेष को निचले पायदान पर रखा जाता रहा है। स्वाधीनता आंदोलन के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व डॉ. भीमराव अम्बेड़कर के प्रयासों से उपेक्षित, पीड़ित, कमजोर एवं शोषित करोड़ो लोग समाज की मुख्य धारा में शामिल हुए। भारतीय संविधान ने इस वर्ग को न केवल बराबरी का दर्जा दिया, अपितु शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी नौकरियों तथा विधानमंड़ल में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के रूप में आरक्षण देकर उन्हे समाज की सम्पन्न जातियों के समकक्ष लाने का प्रयास किया। भारतीय संविधान ने महिलाओं के प्रति लम्बे समय से चले आ रहे भेदभाव को समाप्त किया। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 में यह व्यवस्था की गई कि जाति, धर्म, भाषा, लिंग, या जन्म स्थान के आधार पर किसी भी भारतीय नागरिक से भेदभाव न किया जाए। विधिक एवं संवैधानिक संरक्षण प्रदान कर उपेक्षित, पीड़ित, कमजोर एवं शोषित लोगों के भीतर राजनीतिक चेतना एवं अधिकारों के प्रति संघर्ष की क्षमता का विकास किया गया। साथ ही सदियों से पुरूषों के अन्याय, शोषण और उत्पीड़न का शिकार हो रही महिलाओं में चेतना जगाना एक बड़ी उपलब्धि है। मानवता के आधे हिस्से पर सदियों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किए गए उत्पीड़न के विरूद्ध नारी प्रतिरोध के रूप में नारी जागरण होना एक सभ्य समाज का संकेतक है। इन दोनों वर्गों के भीतर जगी चेतना में ही नए समाज के पुनर्गठन की सम्भावना देखी जा सकती है। या फिर यों कहें कि नव भारत का सपना साकार हो सकता है। एक ऐसा भारत जिसमें सभी मिलजुल कर रहें। जिसमें कोई बड़ा या छोटा ना हो, सबको समान अधिकार प्राप्त हो, जो कि भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों एवं संविधान सभा के सदस्यों का स्वप्न था।

Marriage and Caste Killing In India

SangyaTripathi
Assistant Professor
Department of Social Work
Guru GhasidasVishwavidyalaya Koni, Bilaspur (C.G.).

Marriage is an institution where woman and man united with each other for mating and reproduction. Indian Society marriage is very complex issue. A person cannot marry of their choice due to the structural rules. Woman and Man must belong to endogamous group. The Indian Society follows Jati endogamy .In Indian Societyif Man or Woman married beyond the caste family members think that they brought Shame or dishonor upon the family and the couples or man from lower caste can be murdered for the sake of caste. People thinks that their honor can be restored by killing the Couple who has crossed the boundaries or responsible for shame.

If Woman belongs to upper caste and Man belongs to lower caste man can be murdered People of Indian society use the term honor killing but this not honor killing this is shame killing or caste based murder because in several cases lower caste person killed for marrying upper caste person. In India people think that caste killing is not crime. People of India need to realize that caste killing is very serious crime it is not part of our culture. Recently On 14 September, PranayPerumalla a Dalit was murdered in front of his wife, Amrutha, in an alleged honourkilling in MiryalagudaTelangana.A newly married couple was attacked by the woman's father with a sickle, injuring her and her husband seriously in Hyderabad's SR Nagar area on Wednesday evening. There were many couples murdered on the name of ugly caste system and honour.Caste/honor killingis cognizable crime so government should bring strict law to stop murder on the name of caste and honour.

Key Words:Dalits, Marriage,Endogamy,Jati,Honour Killing

लिंग आधारित भेदभाव का समाज पर प्रभाव

मंजरी ग्वाले
पी एच. डी. स्कालॅर (समाज कार्य) विभाग,
डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यायलयं, कोटा, बिलासपुर छ. ग.

महिलाएं साधारणतया प्रत्येक समाज का एक महत्वपूर्ण अंग है जिनकी संख्या लगभग पुरूषों के समान ही है। जहां तक भारतीय समाज का प्रश्न है, स्त्रियों की स्थिति काफी उच्च रही है विशेषतया हिन्दू समाज में पुरूश के अभाव में स्त्री को, स्त्री के अभाव में पुरूश को अपूर्ण माना गया है। इसी कारण हिन्दू समाज में स्त्री को पुरूष की अर्धांगिनी कहा गया है। परन्तु स्मृतिकाल, धर्मशास्त्रकाल तथा मध्यकाल में इनके अधिकार छिनते गये और पुरूषों की तुलना में इनकी स्थिति में गिरावट आई। इन्हें परतन्त्र, निस्सहाय और निर्बल मान लिया गया। बाल्यावस्था से लेकर वृद्धावस्था तक लिंग आधारित भेदभाव देखने को मिलता है। लड़की को शारीरिक एवं मानसिक रूप से लड़के की अपेक्षा कम शक्तिशाली एंव कमजोर समझा जाता है। भेदभाव की यह भावना बाल्यावस्था से उनके मन में घर कर जाती है कि वह कमजोर है। वह किसी भी कार्य को स्वतंत्र रूप से करने में सक्षम नहीं है। कई संवैधानिक नियमों के निर्माण के बाद भी भेदभाव रहित समाज में महिलाएं आज भी सुरक्षित नहीं है न घर पर और न घर के बहार। वे घर में घरेलू हिंसा, देहज प्रताड़ना, देहज हत्या, एंव लैगिंग शोषण

की शिकार है तो घर के बाहर कार्यस्थल पर यौन शोषण, सार्वजनिक स्थानों पर छेडछाड़, यौन हमले, अपहरण, व्यपहरण आदि अपराधों की शिकार है। उनके विरूद्ध कारित यह अपराध समाज में उनके लिये भय एंव असुरक्षा का वातावरण निर्मित करते है जो उनके स्वतंत्र बर्हिगमन को बाधित करता है।

Role of social media and journalism towards social discrimination

Rajshree Kumbhaj
(Research scholar)

Kusumkanti Kujur
(Research scholar)

Social media enable individuals to bring personal experience into the public domain with the potential to affect public attitudes and mainstream media. The rapid expansions of the use of social media has changed society in many ways and it also impacts the workplace. Media has a great responsibility in the realization of equality. Media and journalism of today is playing an outstanding role in creating and shaping of public opinion and strengthening of society.

आजाद भारत में सामाजिक भेद-भाव

प्रशांत उपाध्याय
शोधार्थी
डॉ. सी.व्ही रमन विश्वविद्यालय
करगी रोड़, कोटा, बिलासपुर

मानव अधिकार के लिए बनाया गया कानून भेद–भाव की दीवार को कुछ हद तक ढाने में कामयाब हुआ है। अमरीका में भेद–भाव के खिलाफ कानून पारित किए गए। दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद को गैरकानूनी करार दिया गया। हालाँकि दुनिया के कुछ हिस्सों में अभी–भी लोगों को गुलाम बनाया जाता है, मगर ज़्यादातर जगहों पर इसे गैरकानूनी करार दिया गया है। अदालतों ने ऐसे फैसले सुनाए हैं जिनकी वजह से कुछ देशों में आदिवासियों को ज़मीन पर कानूनी हक दिया गया। भेद–भाव के विरोध में बनाए गए कई कानूनों की वजह से कुछ निम्न वर्ग के लोगों को पैसे की मदद मिली है या उनकी ज़रूरतें पूरी की गयी हैं। आजाद भारत में भी समाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए प्रभावषाली तौर तरीके अपनाये गये है। नये–नये कानून बनाये गये है। लेकिन आज भी वे कारगार साबित नजर नहीं आते।

सामाजिक भेद–भाव खत्म हो चुका है? सच पूछो तो ऐसा नहीं है। हालाँकि समाज के कुछ भेद–भाव धीरे–धीरे खत्म हो रहे हैं मगर इनकी जगह नए किस्म के भेद–भाव उभर रहे हैं। किताब क्लास वॉरफैर इन द इनफॉर्मेशन एज कहती हैः "आज लोगों को पूँजीपतियों और कर्मचारी वर्ग में बाँटा नहीं जा सकता है। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं कि आज समाज में भेद–भाव नाम की चीज़ नहीं है बल्कि ये वर्ग अब और भी छोटे–छोटे समूहों में बँट गए हैं, जिनमें आपस में बहुत गुस्सा और अशांति है।"

मानव समानता के इस खयाल को हकीकत में बदलना इतना मुश्किल क्यों है? इसकी सबसे बड़ी वजह है इंसानी स्वभाव। दूसरे शब्दों में कहें तो लोग उनके बराबर पहुँचना चाहते हैं जिनका समाज में ऊँचा रुतबा है; लेकिन अपनी सुख–सुविधाओं को त्यागकर नीचे दर्जे के लोगों को अपने बराबर पहुँचने का मौका नहीं देते।

भारतीय परम्परा के अनुसार पुराने ज़माने में लोग जिस घर में जन्म लेते थे, उसी के मुताबिक उन्हें आम वर्ग, ऊँचे खानदान या शाही घरानों में बाँट दिया जाता था। ऐसा भेद–भाव आज भी कुछ जगहों पर कायम है। लेकिन ज़्यादातर जगहों में पैसे से एक इंसान की हैसियत आँकी जाती है कि कौन निम्न वर्ग का है, कौन मध्य और कौन ऊँचे वर्ग का है। इसके अलावा, एक इंसान की जाति और कि वह कितना पढ़ा–लिखा है, इस आधार पर भी भेद–भाव किया जाता है। और कुछ जगहों पर तो खासकर लिंग के आधार पर भेद–भाव किया जाता है जिसमें औरतों को नीचा समझा जाता है और यह किसी आजाद और प्रजातांत्रिक राश्ट्र के लिए बड़ी शर्म की बात है। और इन समस्याओं से समाज को बाहर निकालने के लिए राष्ट्रहितैशी विचारकों द्वारा राष्ट्रनीति बनाये जाने की आवश्यकता है।

Gender Based Discrimination in Higher Education

Dr. Shivani Diwan
Assistant Professor, Department of Education
Dr. C. V. Raman University, Kota, Bilaspur

Introduction

Today's situation in Higher Education is far away from an equal participation of women and men in the different stages of the higher education career. The distribution of power and financial means is not the same for women and men as well as the personal benefits that result out of the education. This is a direct result of the biased situation in society, which is has a lot of benefits reserved for men, but also due to the old structures and the atmosphere within the institutions of higher education. Gender inequalities, and their social causes, impact India's sex ratio, women's health over their lifetimes, their educational attainment, and economic conditions. Higher education plays a key role in shaping society and building active citizens. A lot of the people who will take powerful roles in a society have a background in higher education. This implies that a gender equal higher education has also a very huge long term impact on the gender equality within the society. Gender inequalities, and their social causes, impact India's sex ratio, women's health over their lifetimes, their educational attainment, and economic conditions. Gender inequality in India is a multifaceted issue that concerns men and women. Discrimination violates the fundamental human right to freedom from discrimination. Females of our country have faced the discrimination for ages now and still continue to exist in various forms. Any denial of equality, gender and opportunity on the basis of gender is gender discrimination.

तृतीय लिंग की समस्याएं

माधवीतला दुबे
प्राध्यापक समाजशास्त्र
भोपाल

समाज में कई तरह की असमानतायें विद्यमान होती हैं जैसे प्रजाति, स्त्री–पुरूष असमानता, आय की असमानता। इनके अलावा एक और असमानता है जो भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विद्यमान है वह समस्या है गरीबी, भेद–भाव, उपेक्षा से झूझती 'तृतीय लिंग समुदाय की समस्या'। एक ओर सामाजिक विकास और परिवर्तन के दौर में समाज में लोगों की तार्किक क्षमता का विकास हुआ है। समाज ने तरक्की की ऊँचाईयों को भी छुआ है वहीं दूसरी ओर लिंग, नस्ल, धर्म, जाति के कठघरे में समाज की विभाजित मानसिकता की जड़े अत्यंत गहरी हैं।

तृतीय लिंग के प्रति मानवीय दृष्टिकोण के अभाव में इस समुदाय के लोगों की समस्याऐं अधिक जटिल हैं। समाज में इन्हें कई नामों जैसे हिजड़ा, ख्वाजसारा, किन्नर, छक्का, नपुंसक आदि उपनामों से पुकारा जाता है। तृतीय लिंग के लिये अलग–अलग स्थानों पर यथा प्रचलन विविध संबोधनों का उपयोग किया जाता है। हिंदी और संस्कृत में किंपुरूष, किन्नर, तृतीय प्रकृति, जनका। उर्दू में नामर्द। तेलुगू में नपुंस्कुंडु, कोज्जा। कन्नड़ में जोगप्पा। मराठी में छक्का। अंग्रेजी में युनक, ट्रांसजेंडर, थर्डजेंडर आदि। किन्नर या हिजड़ा से अभिप्राय उन लोगों से है जिनके जननांग पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाते। मुख्यधारा के समाज में बहिष्कृत, घृणा, तिरस्कार आदि सहने को अभिशप्त इस श्रेणी को समाज में वंचना का शिकार होना पड़ता है। 2011 की जनगणना में 'अन्य' की श्रेणी में रखकर इनकी गणना की गई। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार लगभग 4.9 लाख हिजड़ा पूरे देश में हैं।

Political Democracy vs. Economic Inequality

Monika Kispotta — Asst. Prof. (Adhoc)
Anushka Dabli — B.A 3rd Sem.
Dr. Rajbhanu Patel — Asst. Prof
Guru Ghasidas Central University, Bilaspur

